# दैनिक देवव्रत

www.dainikdevvrat.in

आजमगढ़, उ.प्र.
वर्ष 36, अंक 247
पृष्ठ 08, मूल्य 3.00
05 जून 2026, शुक्रवार

लखनऊ, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र (राबर्ट्सगंज, अनपरा, शक्तिनगर), सिंगरौली, मिर्जापुर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर एवं आजमगढ़ से प्रसारित

E-mail : dainikdevvrat@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक




# जनगणना डेटा में हो रही हेरफेर

## ❑ राजस्थान के सेंसस निदेशक के लीक हुए ख़त से खुलासा, कई राज्यों में जनगणना करने वाले एन्यूमेरेटर्स ने लगाया आँकड़ा बदलने का दबाव बनाने का आरोप

**नई दिल्ली, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** जनगणना के आँकड़े में क्या हेरफेर की जा रही है? देश के कई राज्यों में जनणगना करने वाले एन्यूमेरेटर्स ने आरोप लगाया है कि उनपर आँकड़े बदलने के लिए दबाव डाला जा रहा है। राजस्थान के डायरेक्टर ऑफ सेंसस ऑपरेशंस यानी डीसीए द्वारा सभी जिला अधिकारियों को लिखे गए पत्र से भी इसका राज खुला है! इसमें कहा गया है कि जनगणना के दौरान फील्ड में जुटाए गए डेटा और पहले से मौजूद सरकारी रिकॉर्ड के डेटा के बीच काफी अंतर है। खासकर खुले में शौच, बिजली, रसोई गैस और पीने के पानी जैसी सुविधाओं में अंतर देखा जा रहा है। अब गणना करने वाले एन्यूमेरेटर्स को सीनियर अधिकारियों से डेटा दोबारा जांचने और सुधारने को कहा गया है।

राजस्थान के डायरेक्टर ऑफ सेंसस ऑपरेशंस यानी डीसीओ ने 2 जून को सभी जिला अधिकारियों को पत्र लिखा। द हिंदू की विजयता सिंह ने इस पर लंबी रिपोर्ट दी है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार पत्र में कहा गया है कि अब तक जुटाए गए फील्ड डेटा में कुछ डिस्क्रिपेंसी यानी गड़बड़ियाँ नज़र आई हैं। ड्यूटी ऑफिसरों को निर्देश दिया गया है कि वे सीएमएमएस पोर्टल पर ब्लॉक स्तर का डेटा चेक करें और असल फील्ड की स्थिति के अनुसार सही करें। रिपोर्ट के अनुसार पत्र में इन बातों पर चिंता जताई गई–कई घरों में खुले में शौच का विकल्प चुना जा रहा है। जिन घरों में स्व्छ कनेक्शन है, वहां भी लकड़ी, गोबर या मिट्टी के तेल जैसा ईंधन दर्ज हो रहा है। खासकर शहरों में। पीने के पानी में 'ट्रीटेड टैप वाटर' का विकल्प कम चुना जा रहा है। नदी, तालाब, कुआं आदि स्रोतों के लिए 'घर के अंदर' विकल्प गलत



है। बिजली न होने का विकल्प चुना जा रहा है। इंटरनेट उपलब्ध दिखाया जा रहा है जबकि घर में फोन भी नहीं है। एन्यूमेरेटरों की कई बड़ी शिकायतें हैं। राजस्थान के एक एन्यूमेरेटर–सरकारी स्कूल टीचर ने नाम न छापने की शर्त पर द हिंदू से बताया, 'मोबाइल ऐप में अगर हम घर की छत टिन की बताते हैं तो ऊपर वाले कहते हैं कि इसे कंक्रीट कर दो। क्या हमें झूठ बोलना है? अगर घर में शौचालय नहीं है और लोग खुले में जाते हैं तो हमें पड़ोसी या रिश्तेदार के शौचालय या पब्लिक यूरीनल का हवाला देकर बदलने को कहा जाता है। बता दें कि सरकार के अनुसार 13 अगस्त 2025 तक देश के 5,86,944 गांवों में से 5,66,068 गांवों को ODF यानी खुले में शौच मुक्त घोषित किया जा चुका है। रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के एक अन्य कर्मचारी ने कहा, हम सरकारी कर्मचारी हैं, इसलिए हमें ऐसे विकल्प नहीं चुनने को कहा जा रहा है जो सरकार के खिलाफ हो। कई कर्मचारी सोशल मीडिया पर भी यह बात बता चुके हैं। उन्होंने गरीबी, असमानता और बुनियादी सुविधाओं की कमी की तस्वीर साझा की। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि कुछ इलाकों में लोग जानकारी देने से कतराते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि उनकी सरकारी योजनाएँ कट जाएंगी।

रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के एक कर्मचारी ने बताया, 'मेरे इलाके के ज्यादातर घरों में न छत है, न दरवाजा, न दीवारें। वहां जनगणना का घर नंबर कहां लिखें? लोग सोचते हैं कि हम उनकी मदद करके एलपीजी, पानी, सब्सिडी वाला घर, शौचालय या पेंशन दिलवा देंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड में आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की प्रमुख रेखा देवी ने कहा, 'कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क नहीं है। सरकार सिर्फ 66 रुपये का रिचार्ज दे रही है। हम आंगनवाड़ी केंद्र भी बंद नहीं कर सकते। सारी ड्यूटी के साथ घर–घर जाना कैसे संभव है? यह देश की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना है। क़रीब 32 लाख कर्मचारी अपने मोबाइल फोन पर ऐप के जरिए डेटा भर रहे हैं। इनमें से ज्यादातर सरकारी स्कूल टीचर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं। जनगणना दो चरणों में हो रही है। हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस यानी एचएलओ–1 अप्रैल से शुरू हुआ है और यह 30 सितंबर तक चलेगा। इसमें घर की स्थिति, सुविधाएँ, संपत्ति आदि के 33 सवाल पूछे जाते हैं। बाद में पॉपुलेशन जनगणना होगी। हर कर्मचारी को करीब 120–150 घरों की गणना करनी है। सीएमएमएस पोर्टल पर सीनियर अधिकारी रीयल टाइम में निगरानी कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार एक सीनियर सेंसस अधिकारी ने बताया, 'पत्र का मक़सद सिर्फ यह सुनिश्चित करना है कि असली स्थिति बिना किसी गलतफहमी के दर्ज हो। चार्ज ऑफिसर, सब–डिविजनल अधिकारी आदि फील्ड वेरिफिकेशन करेंगे। डेटा की गुणवत्ता पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। बहरहाल, यह विवाद इसलिए गंभीर माना जा रहा है क्योंकि जनगणना का डेटा सरकारी योजनाओं, बजट और नीतियों के लिए आधार बनता है। अगर डेटा में बदलाव हुआ तो असली गरीबी और सुविधाओं की कमी छिप सकती है। अब इस पर नज़र है ति अंतिम डेटा में फील्ड की हकीकत कितनी उभरकर आती है।

# दूसरे के लिए रिश्वत मांगना भी अपराध

## 'घूसखोर' दंड का भागी, भ्रष्टाचार मामलें में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** यह जरूरी नहीं कि रिश्वत का अपराध तभी माना जाएगा, जब रिश्वत अपने लिए मांगी गई हो और फिर ली गई हो।




सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामलों में सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जिसके तहत अधीनस्थों के लिए रिश्वत मांगने वाला अफसर भी दोषी माना जाएगा और दंड का भागी होगा।

इस पूरे मामले के समझने के लिए जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले में क्या आकलन किया और क्या टिप्पणी की, जिससे कि इसका कानूनी पक्ष भी समझ में आ जाए... मामला बहुत ही रोचक है, जो कि कर्नाटक राज्य से जुड़ा है। यहां सिरुगुप्पा पुलिस स्टेशन में तैनात एक पुलिस सब–इंस्पेक्टर रंगय्या पर आरोप था कि पुलिस अधिकारियों ने एक व्यक्ति को अवैध तरीके से राशन का चावल बेचने के आरोप में धमकाया और उसकी कार जब्त कर ली। शिकायतकर्ता ने यह दावा किया था कि सब–इंस्पेक्टर ने 50,000 रुपये की रिश्वत के लिए उसे यह भी कहा कि उसे उसके अधीन पुलिस अधिकारियोंके लिए कुछ करना चाहिए।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक मामले में कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7() के तहत एफआईआर दर्ज की। जिसे बाद में कर्नाटक हाईकोर्ट ने यह कहते हुए एफआईआर रद्द कर दी कि संबंधित अधिकारी ने न तो सीधे रिश्वत मांगी और न ही स्वयं कोई रकम प्राप्त की थी।

*मिशन 2029 :* केंद्र सरकार का क्षेत्रीय दलों से मंथन

# चुनाव से पहले परिसीमन की तैयारी

**नई दिल्ली, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** केंद्र सरकार बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से लंबित परिसीमन विधेयक को फिर से धरातल पर उतारने की सक्रिय कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य साल 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले देश में संसदीय क्षेत्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को पूरा करना है।

इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर सरकार किसी भी टकराव से बचना चाहती है। यही वजह है कि पर्दे के पीछे आम सहमति बनाने का दौर शुरू हो चुका है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र ने कई क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के साथ औपचारिक बातचीत शुरू कर दी है। इन चर्चाओं में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और अन्य क्षेत्रीय हितधारक शामिल हैं। इस पूरी कवायद का मुख्य उद्देश्य संसदीय प्रतिनिधित्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर क्षेत्रीय दलों की चिंताओं को दूर करना है।

परिसीमन का सीधा मतलब जनसांख्यिकीय बदलावों के आधार पर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं को दोबारा तय करना




है। बीते कुछ वर्षों में कई राज्यों ने इस बात पर चिंता जताई है कि नई व्यवस्था से संसद में उनका प्रतिनिधित्व बदल सकता है। इस राजनीतिक संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार फूंक–फूंक कर कदम रख रही है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी प्रमुख दलों के बीच एक साझा ढांचा तैयार नहीं हो जाता, तब तक इसे संसद में पेश नहीं किया जाएगा। विधेयक को पेश करने का समय पूरी तरह से जारी बातचीत के नतीजों पर निर्भर करेगा।

चुनावी सुधारों की यह कड़ियां केवल परिसीमन तक ही सीमित नहीं हैं। केंद्र सरकार इसके साथ ही श्एक देश, एक चुनावश यानी देश में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव पर भी आगे बढ़ रही है। क्षेत्रीय दलों के साथ हो रही बैठकों में इन दोनों ही बड़े मुद्दों को मेज पर रखा गया है। अगर सरकार इस मोर्चे पर राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल करने में कामयाब रहती है, तो अगले आम चुनाव से पहले देश के चुनावी प्रतिनिधित्व की पूरी तस्वीर बदल जाएगी। हालांकि, फिलहाल बातचीत का दौर जारी है और अंतिम फैसला होना बाकी है।

# मोदी जी कुर्सी स्थायी नहीं होती, आती जाती रहती है

## लेकिन जिस तरह से आपने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद किया है उसकी कीमत भारत की पूरी युवा पीढी चुका रही है-राहुल

**नागपुर, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नागपुर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी करने वाली एक छात्रा की कथित आत्महत्या की घटना को लेकर गुरुवार को पीएम मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में शिक्षा व्यवस्था की बर्बादी की कीमत पूरी एक युवा पीढ़ी चुका रही है। उन्होंने दावा किया कि छात्रा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि मोदी जी की एक भ्रष्ट, टूटी हुई व्यवस्था की देन है।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, आकांक्षा डॉक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी। आकांक्षा के पिता किसान हैं। बेटी के डॉक्टर बनने के सपने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज़ लिया। नागपुर में खुद रसोइये की नौकरी कर ली, ताकि बेटी वहां कोचिंग कर सके। एक पिता जो कर सकता था, उसने सब किया। फिर नीट पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद्द हुई। उस अनिश्चितता में आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, और धर्मेंद्र प्रधान जी? आज भी कुर्सी पर हैं। फिर वही समिति। वही तबादला। वही जांच। न सुधार, न न्याय। राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी, कुर्सी स्थायी नहीं होती, आती–जाती रहती है। लेकिन आपने 12 वर्षों में शिक्षा व्यवस्था को जिस हद तक बर्बाद किया है, उसकी कीमत भारत की एक पूरी युवा पीढ़ी चुका रही है।

भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस दावे पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक साल के भीतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पद पर नहीं रहेंगे। भाजपा ने राहुल पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ पार्टी ने यह भी कहा कि देश में अब तक केवल एक बार आपातकाल लगाया गया था और वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया था कि मोदी एक साल के भीतर प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे क्योंकि चीजों को नियंत्रित करने का उनका जो सिस्टम था, वह ध्वस्त हो रहा है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया था कि मोदी सरकार जनता के दबाव को कुचलने के लिए आपातकाल जैसा कदम उठा सकती है। इन टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणियां कांग्रेस पार्टी के इतिहास और उसकी मानसिकता को दर्शाती हैं। पूनावाला ने एक वीडियो बयान में कहा, राहुल गांधी ऐसे परिवार से आते हैं, जिसका इतिहास आपातकाल से जुड़ा रहा है। इसलिए उन्हें लगता है कि हर कोई आपातकाल लगाने वाला है। भारत में संविधान को केवल एक बार कुचला गया था और वह इंदिरा गांधी ने किया था। उन्होंने जिस तरह संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया और उनमें हस्तक्षेप किया, वह सर्वविदित है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि वास्तविक आपातकाल कांग्रेस पार्टी के भीतर है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र के ऊपर वंशवाद को रखने वाले राहुल आज भी हर जगह आपातकाल देखते हैं। एक तरह का आपातकाल जरूर है, लेकिन वह कांग्रेस के भीतर है। कांग्रेस के अंदर संस्थागत पतन और विद्रोह चल रहा है। यदि कोई व्यवस्था टूट रही है, तो वह कांग्रेस पार्टी की व्यवस्था है। पूनावाला ने दावा किया कि कांग्रेस नेता एक–एक कर पार्टी छोड़ रहे हैं और पार्टी वंशवादी राजनीति के खिलाफ विद्रोह का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, 99 चुनाव हारने के बाद कांग्रेस की संस्था स्वयं वंशवादी राजनीति के खिलाफ विद्रोह कर रही है। यही कारण है कि कांग्रेस के नेता एक के बाद एक पार्टी छोड़ रहे हैं। वे आपके खिलाफ विद्रोह कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी पर भारत की संस्थाओं के खिलाफ बार–बार टिप्पणी करने और विदेशों में देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, लेकिन आप विपक्ष के नेता (एलओपी) नहीं, बल्कि लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा हैं। झूठ फैलाना, डर पैदा करना और उससे फायदा उठाना– यही आपका मॉडल है। उन्होंने कहा, आप विदेशों में भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ बोलते हैं। यदि किसी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को बदनाम करने का अभियान चलाया है, तो वह आप हैं। पूनावाला ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पहले भी अर्थव्यवस्था, कोविड टीकों और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भ्रामक बयान देते रहे हैं।

# शराब के नशे में मां को पीट रहे बेटे को पिता ने उतारा मौत के घाट

**महोबा, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** थाना अजनर के आनंदपुरा बड़ेरा गांव में



खूनी रिश्ते को तार–तार करने का मामला सामने आया है। बृहस्पतिवार की शाम शराब के नशे में मां को पीट रहे बेटे की पिता ने डंडे व पत्थर से हमलाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

आनंदपुरा बड़ेरा निवासी नन्हेभाई (85) के तीन बेटे हैं। दो बेटे दिल्ली में रहकर मेहनत–मजदूरी करते हैं जबकि एक बेटा भगवत (36) गांव में ही माता–पिता के साथ रहता था। भगवत मेहनत–मजदूरी करता था। शाम करीब चार बजे वह शराब के नशे में घर पहुंचा। मां रम्भी (80) ने उसे शराब पीने से मना किया तो वह मां से उलझ गया और पिटाई करने लगा। यह देख पिता ने बेटे को रोका। न मानने पर पीछे से डंडे से सिर पर हमला कर दिया। इससे भगवत जमीन पर गिर गया। तब पिता ने पास में रखे पत्थर से सिर पर प्रहार कर दिया। शोर–शराबा सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। घायल के माता–पिता के साथ भगवत को सीएचसी जैतपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां रम्भी ने बताया कि बेटा शराब का आदी था। आएदिन शराब पीकर घर पर विवाद करता था। शाम को भी शराब के नशे में घर आया और उसके साथ मारपीट करने लगा। जब पति ने उसे रोका तो नहीं माना। गुस्से में आकर पति ने डंडे व पत्थर से हमला कर दिया। इससे बेटे की मौत हो गई। उधर, प्रभारी थानाध्यक्ष अजनर धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि शराब के नशे में अक्सर पिता–पुत्र में विवाद होता था। डंडे से हमला करने से युवक की मौत हुई है। घटना की जांच कराई जा रही है। तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शराब की लत के चलते 10 वर्ष पहले मृतक भगवत की पत्नी मायके चली गई थी। भगवत की शादी दस वर्ष पहले प्रेमवती के साथ हुई थी। शादी के बाद पति के आए दिन शराब पीकर घर आने और मारपीट करने से विवाद होता था। मृतका की मां रम्भी ने बताया कि शराब की लत के चलते बहू तीन से चार बार ही ससुराल आई। बेटे ने शराब पीना बंद नहीं की। इसके चलते बहू नहीं आई। तब से भगवत उनके साथ रहता था। मेहनत–मजदूरी में मिलने वाले रुपये शराब में खर्च कर देता था।

# शुद्ध चांदी के नाम पर ठगे जा रहे ग्राहक

## B2B (बीटूबी कंपनी) और B2C (बिजनेस टू कंज्यूमर) का बाजार में जोर

**मुंबई, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारतीय सर्राफा बाजार इस समय नए संकट का सामना कर रहा है। ज्वेलरी बाजार में चांदी का बीटूबी (बीटूबी कंपनी) और बीटूसी (बिजनेस टू कंज्यूमर) व्यापार प्रभावित हो रहा है। जिसकी मुख्य वजह चांदी की शुद्धता पर उठ रहे सवाल हैं। ज्वेलर्स और डीलरों का कहना है ग्राहक जो चांदी लेकर बेचने आते हैं उसमें केवल 65 से 70 प्रतिशत ही शुद्ध चांदी होती है। मुंबई के बाजार में प्रतिदिन औसतन 1000 से 1500 किलोग्राम की चांदी बिकती है, लेकिन इसकी वजह से सौदे में कमी आ रही है औसतन 10 प्रतिशत भी नहीं हो रहे हैं। यही समस्या सिक्के, कटलरी उत्पादों और बर्तन वाले ज्वैलर्स को भी उठानी पड़ रही है।

इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के आधिकारिक प्रवक्ता और उमेदमल त्रिलोकचंद ज्वैलर्स के कुमान जैन बताते हैं, अगर ग्राहक चांदी खरीदने आते हैं, तो उन्हें किलो असली चांदी मिलेगी, लेकिन बार और सिक्को में केवल 65 से 70 प्रतिशत ही चांदी मिलती है, बाकी उत्पादों में दूसरी धातु मिलाकर, जरूरत के हिसाब से लेते हैं। इसकी वजह से इन सौदों में गिरावट आ रही है। सरकारी रोक के बाद, 30 किलोग्राम आयातित चांदी के बार से होने वाली आय न के बराबर रह गई है। अभी . 999 टच (कैरेट) चांदी की कीमत बिना जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) के करीब 2.63 लाख रुपये है, वहीं बिल में बिना 3 प्रतिशत जीएसटी के 8 से 10 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ करीब 2.5 लाख रुपये में मिल रही है।

मुंबई के मेघाजी वानेचंद बुलियन डीलर के अनिल संघवी कहते हैं, कच्चे चांदी को रिफाइनरी में पिघलाकर उससे एक किलो या उससे भी कम वजन की छड़े तैयार की जाती है और बाजार में बेची जाती हैं। जिसमें बेईमान व्यापारी 0.999 कैरेट का सिक्का छापने पर जोर देते हैं। जिसमें उपभोक्ता और




व्यापारियों को किलोग्राम वजन के आधार पर गुमराह कर मुनाफ कमा सकें। देखा जाए तो कैरेट से शुद्धता को विशेष संबंध नहीं होता है। इसके बाद जब इसी चांदी को बेचा जाता है, तो यह उपभोक्ता को भारी नुकसान होता है।

लंदन बुलियन मर्चेंट एसोसिएशन के विश्लेषक पैनल में भारतीय प्रतिनिधि भार्गव वैद्य ने कहा, पांच साल पहले रिसाइकल चांदी में चांदी की शुद्धता 85 प्रतिशत थी, यह आज घटकर केवल 55 से 70 प्रतिशत रह गई है। इसका मतलब है कि आप शुरुआत से ही व्यापारी को भारी मुनाफा देते हैं, कीमतों में यदि 30 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाती है तब ही ग्राहक इसका फायदा होता है। वे कहते हैं, भारत में बुनियादी ढांचे की कमी के कारण यह समस्याएं और गंभीर होती जा रही हैं। भारत अपनी कुल जरूरत का 80 प्रतिशत यानी 7000 टन चांदी सालाना आयात करता है। इसके विपरित चांदी की शुद्धता को आधिकारिक रूप से सत्यापित करने के लिए भारत में केवल 286 हॉलमार्किंग केंद्र हैं। हाल ही में चांदी की औद्योगिक मांग भी काफी बढ़ गई है। आपूर्ति के अधिकांश दरवाजे बंद होने की वजह से वैश्विक बाजार में अशुद्ध चांदी 10 से 12 प्रतिशत से अधिक कीमत पर बिक रही है।

अनिल संघवी और कुमार जैने का कहना है कि नियामक सरकारी संगठनों को इस संबंध में तत्काल लाइसेंस जारी करने चाहिए। कीमती धातु शोधक संघ ने इस संबंध में सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया है। हमारी यह मांग तो कई वर्षों से चली आ रही है कि, चांदी आभूषणों में हॉलमार्किंग और शुद्धता के सभी मानक वैश्विक स्तर पर भी अनिवार्य किए जाने चाहिए। वहीं भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को अपने नेटवर्क का विस्तार करने की जरूरत है। सोने की रिफाइनरियों की तरह चांदी की रिफाइनरियों को भी मान्य प्राप्त अनिवार्य लाइसेंस दिए जाएं और चांदी की शुद्धता जांच के लिए केंद्रों को शुरू किया जाने की आवश्यकता है।

## 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक आजमगढ़

' राइट आफ रिकाल '

काकरोच कहिए इन्हें,
या नवयुग के लाल ।
लौट रहा है सड़क पर,
राइट आफ रिकाल ।
करप्शन नहीं चलेगा ।

05 जून 2026



धीरू भाई का दो टूक

# टी-20 विश्वकप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव की बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** कुछ महीने पहले तक सूर्यकुमार यादव भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े सितारों में गिने जा रहे थे। टी20 विश्व कप जीतने के बाद उनकी कप्तानी की जमकर तारीफ हुई थी और वह भारतीय क्रिकेट के नए नेतृत्व चेहरे के रूप में उभरे थे। लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। लगातार खराब प्रदर्शन और युवा खिलाड़ियों की मजबूत दावेदारी के बीच सूर्यकुमार यादव की टी20 टीम में जगह और कप्तानी दोनों पर सवाल उठने लगे हैं। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने एशिया कप 2025 और टी20 विश्व कप 2026 जैसे बड़े टूर्नामेंट जीते। हालांकि टीम की सफलता के पीछे उनकी व्यक्तिगत बल्लेबाजी का योगदान उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। एशिया कप 2025 में सूर्यकुमार ने सात मैचों में सिर्फ 72 रन बनाए। टीम के शानदार प्रदर्शन के कारण उनकी खराब फॉर्म पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई, लेकिन यह गिरावट आगे भी जारी रही। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में भी वह कोई अर्धशतक नहीं लगा सके। जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में लगातार दो अर्धशतक जरूर आए, लेकिन यह लय ज्यादा समय तक कायम नहीं रह सकी।



टी20 विश्व कप 2026 में सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ नाबाद 84 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन यही उनका टूर्नामेंट का एकमात्र अर्धशतक रहा। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 9 मैचों में 242 रन बनाए और उनका औसत 30.25 रहा। हालांकि भारत ने खिताब जीत लिया, इसलिए उनकी बल्लेबाजी की कमजोरियों पर ज्यादा सवाल नहीं उठे और कप्तानी की जमकर सराहना हुई।

आईपीएल को सूर्यकुमार यादव के लिए वापसी का मंच माना जा रहा था, लेकिन यहां भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए उन्होंने पूरे सीजन में सिर्फ 270 रन बनाए। उनका औसत 20.77 रहा, जबकि टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि विरोधी टीमों ने उनकी बल्लेबाजी की कमजोरियों को पहचान लिया है। उनकी पारंपरिक से हटकर खेलने की शैली, जो कभी उनकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती थी, अब उनके खिलाफ जाती दिखाई दे रही है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अब 2028 टी20 विश्व कप और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को ध्यान में रखकर नई टीम तैयार करने की रणनीति पर काम कर रहा है। ऐसे में चयनकर्ता ऐसे कप्तान और खिलाड़ियों को प्राथमिकता देना चाहते हैं जो लंबे समय तक टीम का हिस्सा रह सकें। 35 वर्षीय सूर्यकुमार यादव की उम्र और मौजूदा फॉर्म को देखते हुए उनकी स्थिति कमजोर होती नजर आ रही है।

# भारत-अफगानिस्तान के बीच अब तक खेला गया है सिर्फ एक टेस्ट

**मुल्लांपुर, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच का आगाज शनिवार से होगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इस मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, अफगानिस्तान भी क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में भारत को कड़ी टक्कर देना चाहेगा। भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक महज एक टेस्ट मैच खेला गया है। यह टेस्ट मैच साल 2018 में बंगलूरू में खेला गया था। भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इस टेस्ट को एक पारी और 262 रनों से अपने नाम किया था। हालांकि, पिछले आठ वर्षों में अफगानिस्तान की टीम काफी मजबूत हुई है। एकमात्र टेस्ट मैच के लिए देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया गया है। पडिक्कल का प्रदर्शन आईपीएल 2026 और घरेलू क्रिकेट में काफी शानदार रहा। सिर्फ पडिक्कल ही नहीं बल्कि कई युवा खिलाड़ियों को इस सीरीज के लिए मौका दिया गया है। मानव सुथार को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को भी टीम में जगह दी गई है। हर्ष दुबे भी अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी घूमती गेंदों से बल्लेबाजों को तंग करते हुए नजर आ सकते हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल और ऋषभ पंत की मौजूदगी में भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत नजर आ रहा है। खराब फॉर्म से जूझ रहे पंत के पास इस टेस्ट में दमदार प्रदर्शन करने का सुनहरा मौका होगा। वहीं, यशस्वी जायसवाल और पडिक्कल भी मौका मिलने पर अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। नीतीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को भी टीम में स्थान दिया गया है। तेज गेंदबाजी की अगुआई मोहम्मद सिराज करते हुए नजर आएंगे और उनका साथ प्रसिद्ध कृष्णा देंगे। विकेटकीपर के तौर पर पंत के साथ-साथ ध्रुव जुरेल को भी टीम में रखा गया है।



एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गुरनूर बरार, हर्ष दुबे और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)। एकमात्र टेस्ट के लिए अफगानिस्तान टीमरू हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अब्दुल मलिक, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुदीन अशरफ, नांग्याल खारोताई, कैस अहमद, बिलाल सामी, जिया शरीफी और सलीम सफी।

# पुराने अमोनिया संयंत्रों को अपग्रेड करना जरूरी-FAI

**नई दिल्ली, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारत की उर्वरक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अमोनिया उत्पादन में दक्षता और तकनीकी नवाचार की जरूरत है। फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने इस पर जोर दिया है। देश अपनी फीडस्टॉक जरूरतों के करीब 77 फीसदी के लिए आयातित प्राकृतिक गैस पर निर्भर है। एफएआई ने पुराने अमोनिया संयंत्रों को आधुनिक बनाने की मांग करते हुए यह बातें कही है। एफएआई के महानिदेशक सुरेश कुमार चौधरी ने दुर्गापुर एक सामुहिक चर्चा के दौरान कहा कि हाल के वर्षों में कई अत्याधुनिक अमोनिया संयंत्र स्थापित हुए हैं। हालांकि, बड़ी संख्या में इकाइयां 25 से 50 साल पुरानी हैं। इन पुराने संयंत्रों को उच्च दक्षता और सुरक्षित बनाए रखने के लिए लगातार बदलाव चाहिए। अमोनिया उत्पादन की औद्योगिक प्रक्रिया में भारी ऊर्जा की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि यह पूरे नाइट्रोजन की मूल्य शृंखला के लिए महत्वपूर्ण है। संयंत्र संचालन, रखरखाव प्रथाओं और ऊर्जा दक्षता में सुधार महत्वपूर्ण हैं। यह प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और भारत की उर्वरक सुरक्षा मजबूत करने के लिए आवश्यक है। भारत में वर्तमान में 36 अमोनिया संयंत्र हैं। इनकी कुल स्थापित क्षमता लगभग 190 लाख टन है। घरेलू उर्वरक उत्पादन बनाए रखने के लिए परिचालन विश्वसनीयता और ऊर्जा दक्षता आवश्यक है। प्राकृतिक गैस अमोनिया उत्पादन के लिए एक प्राथमिक कच्चा माल है। भारत इस पर बहुत अधिक निर्भर करता है। चौधरी ने बताया कि उर्वरक उद्योग ने पिछले चार दशकों में अच्छा काम किया है। प्रौद्योगिकी अपनाने, प्रक्रिया सुधारों और ऊर्जा संरक्षण उपायों के माध्यम से। उद्योग ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 50 फीसदी की कमी की है। यह इसे देश के सबसे कुशल औद्योगिक क्षेत्रों में से एक बनाता है। पुराने अमोनिया संयंत्रों को लगातार आधुनिकीकरण की जरूरत है।



इनमें नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना महत्वपूर्ण है। इससे उच्च स्तर की दक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। एफएआई ने इस पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया है। यह भारत की आत्मनिर्भरता और उर्वरक उत्पादन को बढ़ावा देगा। यह देश की दीर्घकालिक उर्वरक सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। दुर्गापुर में हुए कार्यक्रम में करीब 50 वरिष्ठ इंजीनियर और तकनीकी पेशेवर शामिल हुए। ये 19 स्थानों के 25 अमोनिया संयंत्रों से आए थे। मैट्रिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स, हर्ल, इफको और एनएफएल के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
धारा 30 (2) उप्रासं 2006

**राजकुमार** 2. अजय कुमार 3. विनय कुमार पुत्रगण मघई साकिनान टेउखर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —वादीगण

बनाम

**धनज्जय** पुत्र रामधार साकिन टेउखर 2. दुर्गविजय पुत्र सल्पू 3. श्रीमती वंशराजी पत्नी सल्पू 4. दीपचन्द पुत्र बेचू 5. रूपनरायन पुत्र गोबरी 6. लालचन्द पुत्र सुद्धू 7. कालीचरन पुत्र निद्धू 8. मूलचन्द 9. रामबचन पुत्रगण सेचू 10. दुर्गविजय पुत्र सल्पू 11. दीपक पुत्र शिवबचन 12. विष्णु 13. वैष्णव पुत्रगण शिवबचन 14. धनन्जय ना.वा. उम्र 13 वर्ष संरक्षिका माता कमली पुत्र शिवबचन 15. अर्पिता पुत्री शिवबचन 16. कमली पत्नी शिवबचन 17. सोनम नावालिग उम्र करीब 9 वर्ष संरक्षिका माता कमली पुत्री शिववचन 18. पारस पुत्र सुद्धू 19. शारदा देवी पत्नी रामचरन साकिनान इटौरा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 20. गीता पत्नी पदुनाथ साकिन मुजफ्फर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 21. हरिवंश यादव 22. राममिलन पुत्रगण सत्यनरायन साकिन इटौरा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 24. प्रमिला यादव पत्नी प्रकाश यादव साकिन खेमऊपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 06 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा रग्घुपुर

**विवेक कुमार** पुत्र रामअवध साकिन रग्घुपुर परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

**विजय** पुत्र रामबेलास 2. पूनम पत्नी विजय 3. राधिका पत्नी रामबेलास साकिन टिकर पैठान परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 4. चन्द्रदेव 5. चांद पुत्रगण पूर्णमासी 6. चन्द्रमा देवी पत्नी भान साकिनान खानमलपुर मठिया परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 7. कुमारी पत्नी रूपई 8. हरिकुजन पुत्र रामबली साकिनान जमीलपुर परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 9. सेवाती देवी पत्नी हरिशचन्द्र साकिन शाहाबुद्दीनपुर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 10. मंजू पत्नी जयप्रकाश साकिन बढ़िहारी परगना गोपालपुर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 05 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 13 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
धारा 30 (2) उप्रासं 2006

**सर्फराज अहमद** पुत्र इरशाद साकिन नेवादा परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —वादीगण

बनाम

**मोतीन अहमद** पुत्र गयासुद्दीन 2. साहिस्ता खातून पत्नी समी अहमद 3. नईम अहमद पुत्र गयासुददीन साकिन कन्दरी परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़ 4. लालता प्रसाद 5. रमाकान्त पुत्रगण मनोहर 6. राजदेयी पत्नी मनोहर 7. महेन्दर 8. रविन्दर 9. जितेन्दर 10. सुरेन्द्र पुत्रगण मनरूप 11. मु. असराफी पत्नी मनरूप 12. रामबहाल 13. ग्रजदेव पुत्रगण छोटक 14. झिनका पुत्र अम्बिका प्रसाद 15. रामअजोर 16. रामउजागिर 17. राजमन पुत्रगण भुइलोट साकिनान खानपुर बेल्हमा परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 08 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 04 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नं. 497709224439 में मेरा नाम अन्तिमा दर्ज हो गया है जो गलत है, जबकि मेरा सही नाम **अनुष्का यादव पुत्री दुर्बल यादव** निवासी ग्राम गयासपुर पोस्ट जमुआवा तहसील मार्टिनगंज थाना बरदह जनपद आजमगढ़ है। यही नाम मेरे अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। इसे सुधारा जाये।

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अतिरिक्त अधिकारी द्वितीय, आजमगढ़
मु.नं. टी 202615060107974
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा खेमऊपुर

**रामप्यारे बनाम अमरजीत**

बनाम– अमरजीत पुत्र जगमल्ली 2. आशादेवी पत्नी लालबहादुर राम साकिनान खेमऊपुर परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 3. जयप्रकाश पुत्र परदेशी साकिन बनकट परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 4. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत खेमऊपुर परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 05 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
धारा 24 उप्रासं 2006 मौजा पाण्डरबोझ परगना चिरैयाकोट तहसील सदर जनपद आजमगढ़

**आशा बनाम उमाशंकर**

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 11 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 04 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
धारा 24 उप्रासं 2006 मौजा पाण्डरबोझ परगना चिरैयाकोट तहसील सदर जनपद आजमगढ़

**आशा बनाम चकमार्ग**

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 11 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 04 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी मेंहनगर, आजमगढ़
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा वीरभानपुर

**शशिकान्त सिंह** पुत्र मंगला सिंह साकिन वीरभानपुर परगना बेलादौलताबाद तहसील मेंहनगर जनपद आजमगढ़। —वादीगण

बनाम

**गोविन्द सोनकर** 2. चट्टान सोनकर पुत्रगण दयाराम सोनकर 3. शिवम् सिंह उम्र करीब 15 वर्ष 4. सौरभ सिंह उम्र करीब 13 वर्ष संरक्षक पिता मंगला सिंह 5. सोल्हर पुत्र लालमन साकिनान वीरभानपुर परगना बेलादौलताबाद तहसील मेंहनगर जनपद आजमगढ 8. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत वीरभानपुर परगना बेलादौलताबाद तहसील मेंहनगर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 09 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 02 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

# अदाणी फाउंडेशन और अनुष्का फाउंडेशन ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली, 04 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** अदाणी फाउंडेशन और अनुष्का फाउंडेशन ने बुधवार को पांच राज्यों में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के माध्यम से क्लबफुट से प्रभावित 10,000 से अधिक बच्चों के उपचार और उसके बाद देखभाल के लिए तीन साल की साझेदारी का ऐलान किया। वर्ल्ड क्लबफुट डे के अवसर पर शुरू की गई यह पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सहयोग से मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में लागू की जाएगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम राहत नाजरा था जिसे बदलकर राहत नाजरा जुबेर अहमद शेख (RAHAT NAZRA ZUBAIR AHMAD SHAIKH) कर लिया है भविष्य में मुझे राहत नाजरा जुबेर अहमद शेख (RAHAT NAZRA ZUBAIR AHMAD SHAIKH) नाम से जाना, पहचाना जाए। राहत नाजरा जुबेर अहमद शेख (RAHAT NAZRA ZUBAIR AHMAD SHAIKH) पत्नी जुबेर अहमद (ZUBAIR AHMAD) निवासी ग्राम कौड़िया पोस्ट तोंवा थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़।

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी मेंहनगर, आजमगढ़
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा कुढ़ापार

**रामशब्द** पुत्र शोभनाथ 2. मानबहादुर पुत्र कल्पनाथ साकिनान कुढ़ापार परगना बेलहाबास तहसील मेंहनगर जनपद आजमगढ़। —वादीगण

बनाम

**अमरावती** पत्नी सूर्यनाथ 2. राजेश 3. राकेश 4. बृजेश पुत्रगण सूर्यनाथ 5. पंकज पुत्र राजबहादुर 6. रविता पत्नी राजबहादुर 7. इन्द्रभूषण पुत्र शोभनाथ साकिनान कुढ़ापार परगना बेलहाबास तहसील मेंहनगर जनपद आजमगढ़ 8. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत कुढ़ापार परगना बेलहाबास तहसील मेंहनगर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 09 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 02 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़
धारा 30 (2) उप्रासं 2006 मौजा सैयद मलिकपुर

**सुनरी** पुत्री रामानन्द पत्नी स्व. गनेश निवासी साकिन हरवंशपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ हाल मुकाम नन्दापुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़। —वादिनी

बनाम

**अवध** 2. रामअवध पुत्रगण बंशी साकिनान नन्दापुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 3. लौटन पुत्र धन्जू 4. कुसुम पत्नी रमेश साकिनान सैयद मलिकपुर 5. रामअवध 6. दीनानाथ पुत्रगण जीउत साकिन नन्दापुर 7. सुमन देवी पत्नी शैलेन्द्र साकिन परसौरा 8. पवारू 9. जगदीश पुत्रगण भिरगू 10. बालचन्द 11. प्रभु 12. लालचन्द 13. अर्जुन पुत्रगण मेवालाल 14. जगदीश 15. बाबूलाल पुत्रगण फूलचन्द 16. प्रभु 17. लालचन्द 18. अर्जुन पुत्रगण मेवा 19. छोटेलाल पुत्र संग्राम साकिनान नन्दापुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 20. नाथेराम पुत्र रघुनाथ राम साकिन जेहतमन्दपुर तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 21. सुबाष यादव पुत्र रामबली यादव साकिन सैयद मलिकपुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 22. रेखा देवी पत्नी अच्छेलाल साकिन कटघर सदर तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 23. हंसा देवी पत्नी राजाराम साकिन सलहरा तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 24. तारा देवी पत्नी लालजी साकिन लाइन बाजार तहसील सदर जनपद जौनपुर 25. राहुल 26. सोलंकी पुत्रगण भाईलाल साकिन कटघर नरूल्लाह परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 27. आशा देवी पत्नी जयप्रकाश साकिन रेहारी तहसील केराकत जनपद जौनपुर 28. आशा देवी पत्नी करिया साकिन नन्दापुर तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 29. सुषमा पत्नी सचिन सोनकर 30. उषा पत्नी मूसेलाल साकिन सैयद मलिकपुर 31. खेलावन पुत्र सन्तू 32. यशवन्त पुत्र बनारसी साकिन जोगा पट्टी मिर्जापुर आदमपुर 33. रामबली 34. बिहारी 35. बाबूराम 36. रामबदन 37. सतनू पुत्र झूरी पुत्रगण विश्वनाथ साकिनान सैयद मलिकपुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 38. मुकेश कुमार पुत्र भोलानाथ साकिन पतलुकिया तहसील सदर जनपद मिर्जापुर 39. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत सैयद मलिकपुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़ 40. उत्तर प्रदेश सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 05 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम कामरान अहमद था जिसे बदलकर कामरान अहमद शेख (KAMRAN AHMED SHAIKH) कर लिया है भविष्य में मुझे कामरान अहमद शेख (KAMRAN AHMED SHAIKH) नाम से जाना, पहचाना जाए। कामरान अहमद शेख (KAMRAN AHMED SHAIKH) पुत्र अली अहमद (ALI AHMAD) निवासी ग्राम कौड़िया पोस्ट तोंवा थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
अतिरिक्त द्वितीय, आजमगढ़
धारा 116 उप्रासं 2006 मौजा बेलहरा

**विमला बनाम अकुंश राजकुमार आदि**

बनाम– अकुंश राजकुमार 2. अमन राजकुमार पुत्रगण राजकुमार 3. शीला राजकुमार पत्नी राजकुमार 4. अजय 5. दुर्ग विजय पुत्रगण सोम्मर 6. श्वेता राजकुमार पुत्री राजकुमार 7. अजंली 8. सोनी पुत्रीगण सोम्मर 9. उर्मिला पत्नी सोम्मर 10. खुशाली पुत्र सोम्मर 11. काशी 12. मनोज पुत्रगण सूरजू 13. लालती पत्नी सूरजू साकिनान बेलहरा परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 14. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत बेलहरा परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 10 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 03 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत नायब तहसीलदार कोपागंज
तहसील सदर मऊ, जनपद मऊ
तज. सं. टी 202515510118468
धारा 209 (ज) उप्रासं. 2006 मौजा मेघई मु. शहरोज तहसील सदर जनपद मऊ

**रामानन्द** 2. सच्चिदानन्द पुत्रगण स्व. रामनौमी साकिनान शहरोज परगना घोसी तहसील सदर जनपद मऊ। —वादीगण

बनाम

**सन्तोष कुमार यादव,** कमलेश कुमार यादव पुत्रगण स्व. शिवचन्द्र, शारदा देवी पत्नी स्व. शिवचन्द, कान्ता, प्रकाश व मुन्ना पुत्रगण स्व. किशुनदेव साकिनान रेवरीडीह परगना घोसी तहसील सदर जनपद मऊ। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 08 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 01 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत तहसीलदार लालगंज, आजमगढ़
मु.नं. टी 202515060405762
धारा 35/209 उप्रासं 2006

**मिथिलेश बनाम शिवजस**

बनाम– मिथिलेश देवी पत्नी राममिलन साकिन कैथीशंकरपुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादी

वाजेह हो कि **तजबीजसानीकर्त्ता** ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 08 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 01 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

**संस्थापक :**
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

सम्पादक :
**श्री विजय कुमार यादव**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वाभिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़-276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.-92
टेली फैक्स : 05462-297576
मोबाइल : 9415370246
RNI NO. 56765/92

# मानसून पहुंचा केरलम , इस बार 3 दिन लेट, 7 दिन भारी बारिश का अनुमान

## दिल्ली-एनसीआर में दिन में छाया अंधेरा-तेज बारिश, कारों पर गिरे पेड़

लखनऊ, 04 जून (देवव्रत संवाद)। मानसून केरलम पहुंच गया है। अगले 2-3 दिन यह गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु को कवर कर सकता है। वहीं, बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों के अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, केरलम, तमिलनाडु और कर्नाटक में अगले 7 दिन में कुछ जगह भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में प्री मानसून एक्टिविटी के असर से आंधी-बारिश देखने मिल सकती है।





इस बार मानसून 3 दिन लेट है। आमतौर पर यह 1 जून को केरलम पहुंचता है। इसके बाद डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है। वहीं दिल्ली के कई इलाकों में गुरुवार दोपहर को अंधेरा छा गया और तेज बारिश हुई। फिल्म सिटी में आंधी के बाद कई पेड़ टूटकर कारों पर गिर गए। सड़कों समेत नोएडा अथॉरिटी और आरटीओ आफिस में पानी भर गया।मौसम विभाग ने ओडिशा, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और तेलंगाना समेत 24 राज्यों में बारिश, आंधी और तेज हवाओं की संभावना जताई है। वहीं राजस्थान, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश, ओले गिरने और तेज हवाओं को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी दो दिन के लिए यलो अलर्ट है।

क्यूम्यूलोनिम्बस क्लाउड्स यहां 50 से 70 किमी की रफ्तार से आंधी-बारिश करवा सकते हैं। क्यूम्यूलोनिम्बस क्लाउड या उइ क्लाउड (बादल) मौसम के पावरहाउस माने जाते हैं। तेज आंधी, बिजली और गरज वाले तूफान इन्हीं बादलों के कारण बनते हैं। कल से केरलम के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते क्टअने अलप्पुझा, कोट्टायम और एनार्कुलम जिलों के लिए 3 घंटे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 11किमी से 20किमी तक की बहुत भारी बारिश हो सकती है। देश के कई राज्यों में अभी भी गर्मी कम नहीं हुई है। गुजरात, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु में तापमान 40०C से ऊपर बना हुआ है।नए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के बनने से राज्य में बुधवार से फिर आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया। इस सिस्टम के असर से उदयपुर में बरसात हुई। डूंगरपुर में ओले गिरे। हालांकि सबसे ज्यादा गर्मी बीकानेर में रही। यहां तापमान 43 डिग्री के ऊपर रहा। गुरुवार को 9 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की एंट्री 20 जून के बाद होगी, लेकिन प्री-मानसून एक्टिव हो गया है। गुरुवार को 39 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। इनमें से उज्जैन, ग्वालियर, सागर और चंबल संभाग में ओले भी गिर सकते हैं। नीमच, श्योपुर, मुरैना, टीकमगढ़ और छतरपुर में 60 किमी की रफ्तार से आंधी चल सकती है। यूपी में 10 दिनों से आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। पश्चिमी यूपी के ज्यादातर जिलों में बादल छाए हैं। गुरुवार को भी 42 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। 60 से 80 की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बिजली गिरने की भी आशंका है। अनुमान है कि 18 से 20 जून तक यूपी में मानसून पहुंच जाएगा।

# ट्रंप को बड़ा झटका, अमेरिकी संसद में ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव पास

वाशिंगटन, 04 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। पश्चिम एशिया (मिडिलईस्ट) में जारी तनाव के बीच अमेरिकी राजनीति में एक बड़ा भूचाल आ गया है। अमेरिकी संसद के निचले सदन 'प्रतिनिधि सभा' ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध शक्तियों पर लगाम लगाने वाले एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को रोकना है। इस मतदान की सबसे खास बात यह रही कि राष्ट्रपति ट्रंप की अपनी ही रिपब्लिकन पार्टी के कई सांसदों ने पाला बदलते हुए विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया और अपनी ही सरकार के रुख का कड़ा विरोध किया। युद्ध ने देश-विदेश की राजनीति को प्रभावित किया है। सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने दो सप्ताह पहले सदन की कार्यवाही अचानक स्थगित कर दी थी और इस प्रस्ताव को पारित होने से रोकने की कोशिश की थी जिसे उस समय मंजूरी मिलने की संभावना बन रही थी हालांकि, जैसे-जैसे संघर्ष लंबा खिंचता गया और राष्ट्रपति ट्रंप त्वरित समाधान निकालने के लिए जूझते दिखाई दिखे, तो युद्ध के प्रति



असंतोष बढ़ता गया। बुधवार को मतदान में प्रस्ताव के पक्ष में 215 और विरोध में 208 वोट पड़े। परिणाम घोषित होते ही सांसदों ने खुशियां मनायीं। न्यूयॉर्क से डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफ्रीज ने कहा, ह्यह बिना सोचा-समझा और महंगा युद्ध आज ही समाप्त होना चाहिए। हमें केवल कुछ रिपब्लिकन सांसदों के समर्थन की जरूरत है। यह युद्ध अमेरिकी करदाताओं पर 100 अरब डॉलर से अधिक का बोझ डाल चुका है और इसने अमेरिका की स्थिति को कमजोर किया है। ईरान के खिलाफ अमेरिकी युद्ध की रोकथाम की दिशा में प्रतिनिधि सभा में यह चौथा प्रयास था और पहली बार यह प्रस्ताव पारित हुआ है।

पिछले महीने सीनेट ने भी इसी तरह के एक प्रस्ताव को आगे बढ़ाया था, जब कुछ रिपब्लिकन सीनेटरों ने अपनी पार्टी के राष्ट्रपति के खिलाफ जाकर उसका समर्थन किया था। हर बार जब डेमोक्रेट्स यह प्रस्ताव लेकर आए तो समर्थन बढ़ता गया। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अमेरिका को विदेशी संघर्षों से दूर रखने और घरेलू मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का वादा किया था, लेकिन इस युद्ध ने फिर से पश्चिम एशिया को अमेरिकी राजनीति के केंद्र में ला दिया है। हालांकि, जॉनसन ने कहा कि ट्रंप खासकर मध्यावधि चुनावों को देखते हुए अब भी घरेलू मुद्दों पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ये चुनाव इस बात का फैसला करेंगे कि संसद में किस पार्टी का नियंत्रण होगा। उन्होंने बताया कि ट्रंप अपने सहयोगी देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य को वाणिज्यिक गतिविधियों, विशेष रूप से तेल आपूर्ति के लिए फिर से पूरी तरह खोलने में सहयोग की अपील कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा इजराइल के साथ मिलकर 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू करने के बाद से अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे महंगाई का दबाव और बढ़ गया है।

## राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों का किया ऐलान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए विभिन्न उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया। पार्टी ने अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान में रिक्त हुईं राज्यसभा की सीटों के लिए कैंडिडेट्स उतारे हैं। इसमें राजस्थान से सतीश पूनिया, मध्य प्रदेश से तरुण चुघ समेत तमाम दिग्गज नेताओं को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने विभिन्न प्रदेशों में होने वाले राज्यसभा चुनाव एवं ओडिशा उप चुनाव के लिए नामों पर स्वीकृति दी है। अरुणाचल प्रदेश से ताई तगाक को उम्मीदवार बनाया है, जबकि गुजरात से राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा और मानसिंह परमार पार्टी के कैंडिडेट होंगे। इसके अलावा, मध्य प्रदेश से तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल मैदान में होंगे। वहीं, मणिपुर से ए. शारदा देवी, राजस्थान से अलका गुर्जर और सतीश पूनिया को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, बीजेपी ने 2026 के उपचुनाव के लिए ओडिशा से देबाशीष सामंतराय को टिकट दिया है।चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 27 सीटों और तीन राज्यों की विधान परिषदों के चुनावों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। सोमवार को जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार, ये चुनाव 18 जून को होंगे। आयोग के अनुसार, सभी चुनावों के लिए मतदान 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे से शुरू होगी। राज्यसभा की 24 सीटों के लिए 10 राज्यों में चुनाव होंगे। इसके अलावा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा में राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव होंगे। वहीं, बिहार में राज्य विधान परिषदों की नौ सीटों के लिए भी चुनाव होंगे, और एक सीट के लिए उपचुनाव होगा।

## सीबीएसई चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा-कॉकरोच जनता पार्टी

नई दिल्ली, 04 जून (देवव्रत संवाद)। कॉकरोच जनता पार्टी ने बुधवार को दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं।प्रवक्ता सौरव दास ने उइरए चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए और केवल तबादलों से समस्या का समाधान नहीं होगा। फाउंडर अभिजीत दिपके 6 जून को अमेरिका से दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद वे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति लेने के लिए संसद मार्ग थाने जाएंगे।

# गांवों में समुदाय अब भी जीवन का केंद्र, हमें जीवन को बैलेंस करना उनसे सीखना होगा-सीजेआई

नई दिल्ली, 04 जून (देवव्रत संवाद)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने दैनिक भास्कर में एक आर्टिकल लिखा। उन्होंने लिखा- भारत के विकास की चर्चा महानगरों, उद्योगों, तकनीक और आधुनिक संरचना के संदर्भ में की जाती है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और तीव्र आर्थिक गतिविधियां प्रगति का प्रतीक मानी जाती हैं, किंतु इस ?विकास यात्रा के बीच महत्वपूर्ण प्रश्न हमारे सामने खड़ा है-क्या हम अनजाने में गांवों की मूल आत्मा को खोते जा रहे हैं? क्या विकास का अर्थ यह होना चाहिए कि गांव धीरे-धीरे शहर का रूप ले लें?



अथवा हमें ऐसा भारत निर्मित करना चाहिए, जहां गांव अपनी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक आत्मीयता और जीवन मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से भी सम्पन्न हों? यह पूरे भारत के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है, परंतु हरियाणा के गांवों का उल्लेख इसलिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि वहां आज भी सामुदायिक जीवन, श्रम संस्कृति आत्मसम्मान और सामाजिक सहभागिता की परंपरा जीवंत है।

यही स्थिति देश के अनेक राज्यों के गांवों में भी दिखाई देती है। भारत की वास्तविक शक्ति गांवों में बसती है। यदि गांवों का चरित्र ही बदल गया तो भारत की आत्मा भी प्रभावित होगी।असली चुनौती यह है कि विकास पहुंचाते समय गांवों को ह्यशहरह्न बनने से कैसे बचाया जाए। गांवों में सड़कें हों, आधुनिक विद्यालय, उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल सुविधाएं, रोजगार के अवसर हों, यह जरूरी है। परंतु यह भी उतना ही जरूरी है कि गांवों की सामाजिक संरचना, सामूहिकता, पर्यावरणीय संतुलन व मानवीय निकटता सुरक्षित रहे।वर्तमान समय में बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण केवल आर्थिक नहीं है। कई बार यह स्वाभाविक धारणा भी होती है कि सम्मानजनक जीवन, अवसर और आधुनिक सुविधाएं केवल शहरों में ही उपलब्ध हैं। यदि हमें गांवों को सशक्त बनाना है और इस सोच को बदलना है, तो हमें इस पलायन को हतोत्साहित करना होगा।जब युवाओं को यह अनुभव होगा कि वे अपने गांव में रहकर भी सम्मान, अवसर और प्रगति प्राप्त कर सकते हैं, तभी पलायन की प्रवृत्ति स्वाभाविक रूप से कम होगी।ग्रामीण जीवन को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। गांवों की सबसे बड़ी शक्ति उनका सामा ?जिक ताना-बाना है। शहरों में व्यक्ति अक्सर भीड़ के बीच भी अकेला हो जाता है, जबकि गांवों में समुदाय अभी भी जीवन का केंद्र बना हुआ है।परिवार, पड़ोस, सामू ?हिक सहयोग, पारस्परिक उत्तरदायित्व...ये वे मूल्य हैं, जो भारतीय समाज को स्थिरता प्रदान करते हैं। यदि गांवों का भी अत्यधिक नगरीकरण हो गया तो केवल भौतिक संरचना ही नहीं बदलेगी, हमारे सामाजिक संबंधों की प्रकृति भी बदल जाएगी।

## ममता बनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज, बढ़ीं मुश्किलें

कोलकाता, 04 जून (देवव्रत संवाद)। अधिवक्ता रिंकी चटर्जी सिंह ने 4 जून को सिलीगुड़ी साइबर पुलिस स्टेशन में पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि बनर्जी ने संवैधानिक संस्थानों और सुरक्षा एजेंसियों को निशाना बनाते हुए भड़काऊ और मानहानिकारक बयान दिए थे। शिकायत में कहा गया है कि हाल ही में, विभिन्न सार्वजनिक भाषणों, राजनीतिक मंचों और मीडिया से बातचीत के माध्यम से, आरोपी ने कथित तौर पर भारत के संवैधानिक संस्थानों, जिनमें भारतीय चुनाव आयोग और चुनावों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात केंद्रीय सशस्त्र बल शामिल हैं, के खिलाफ कई भड़काऊ और उत्तेजक बयान दिए हैं। आरोपी ने सार्वजनिक रूप से इन संवैधानिक संस्थानों की निष्ठा, निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर सवाल उठाया, जिससे कथित तौर पर राज्य तंत्र के खिलाफ जनता में अविश्वास और असंतोष पैदा करने का प्रयास किया गया।

## मोदी गुजरात-दमन में करेंगे 21,700 करोड़ की मेगा घोषणा

नई दिल्ली, 04 जून (देवव्रत संवाद)।दमन में 5 जून को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए शहरव्यापी सफाई अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री दमन में लगभग 2,970 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जून को गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव का दौरा करेंगे। इस दौरान वे बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा, कनेक्टिविटी, विमानन और उद्योग सहित प्रमुख क्षेत्रों में 21,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री सूरत से अपने दौरे की शुरूआत करेंगे, जहां वे एक जनसभा में भाग लेने से पहले हजीरा में औद्योगिक कार्यों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। वे गुजरात में सड़क संपर्क, बिजली बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को मजबूत करने के उद्देश्य से लगभग 18,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रमुख परियोजनाओं में, प्रधानमंत्री मोदी वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के पैकेज श्कऔर श्क्कको राष्ट्र को समर्पित करेंगे।इस एक्सप्रेसवे से उच्च गति परिवहन में वृद्धि, रसद दक्षता में सुधार और गुजरात और महाराष्ट्र के बीच आर्थिक संपर्क को मजबूत करने की उम्मीद है।

## डर का माहौल' बना रहे राहुल-भाजपा

नई दिल्ली, 04 जून (देवव्रत संवाद)।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के आर्थिक सुनामी की ओर बढ़ने की चेतावनी देने के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग छिड़ गई, जिसके बाद भाजपा नेता अमित मालवीय ने उन पर भय फैलाने का आरोप लगाया। नरेंद्र मोदी सरकार की गांधीजी की आलोचना का जवाब देते हुए मालवीय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश के आर्थिक सुरक्षा उपायों को खत्म करने का दावा करके कांग्रेस नेता भय फैला रहे हैं।एक्स पर एक पोस्ट में मालवीय ने कई आर्थिक संकेतकों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि भारत वैश्विक अनिश्चितताओं का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा कि मई 2026 में ई-वे बिल जनरेशन में 12.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत बनी रहीं, जिनका पीएमआई क्रमशः 56.6 और 58.9 रहा।

## प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

प्रयागराज, 04 जून (देवव्रत संवाद)।इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार के निवर्तमान ग्राम प्रधानों (ग्राम प्रमुखों) का कार्यकाल छह महीने बढ़ाने के फैसले पर सवाल उठाया है और राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को स्थानीय निकाय चुनाव कराने की तारीख निर्दिष्ट करने का निर्देश दिया है। यह टिप्पणी बुधवार को उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार के 25 मई के उस आदेश के खिलाफ दायर जनहित याचिका (ढक्छ) की सुनवाई के दौरान की, जिसमें ग्राम प्रधानों को अगले पंचायत चुनावों तक अपने प्रशासनिक पदों पर बने रहने की अनुमति दी गई थी। सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति अब्देश कुमार चौधरी सहित दो न्यायाधीशों की बेंच ने राज्य सरकार को पंचायत चुनावों से संबंधित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश भी दिया।

# ट्रंप अपनी चीजें अपने पास रखें, मैं किसी और को बेच दूंगा-ब्राजील



वाशिंगटन, 04 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। लैटिन अमेरिका से लेकर वॉशिंगटन और बीजिंग तक फैली वैश्विक कूटनीति के बीच एक नया और बेहद तीखा मोड़ आ गया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने अमेरिका के सख्त रवैये के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए बीजिंग (चीन) के साथ अपने नए व्यापारिक गठबंधन का खुलकर जश्न मनाया है। हाल ही में चीन ने ब्राजील को 'फुट-एंड-माउथ' रोग से मुक्त देश के रूप में आधिकारिक मान्यता दे दी है। चीन के इस फैसले की सराहना करते हुए राष्ट्रपति लूला ने इसे सीधे तौर पर अमेरिका की मनमानी का करारा जवाब बताया है। गोइयास राज्य में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान वामपंथी नेता लूला का अंदाज बेहद आक्रामक और बेबाक नजर आया। अमेरिकी व्यापारिक दबाव को पूरी तरह खारिज करते हुए लूला ने मंच से दो टूक कहा कि अगर आप (अमेरिका) हमसे सामान नहीं खरीदना चाहते, तो कोई बात नहीं। मैं इसे किसी और को बेच दूंगा।

लूला ने खुलासा किया कि हाल ही में अमेरिका और ब्राजील के व्यापार वातार्कारों के बीच तीन बार उच्च स्तरीय मुलाकातें हुईं, लेकिन अमेरिकी टैरिफ (आयात शुल्क) के कड़े प्रस्तावों के चलते दोनों देश किसी भी समझौते पर नहीं पहुंच सके। लूला के इस बयान से साफ है कि ब्राजील अब आर्थिक मोर्चे पर सुपरपावर अमेरिका के सामने झुकने को तैयार नहीं है।

अपनी इस कहानी में राष्ट्रपति लूला ने न सिर्फ बाहरी बल्कि घरेलू विरोधियों को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने ब्राजील के दक्षिणपंथी सीनेटर फ्लेवियो बोल्सोनारो पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। लूला ने कहा कि बोल्सोनारो ने खुद वाशिंगटन पर इस बात का दबाव बनाया कि वे ब्राजील पर भारी टैरिफ लागू करें। इसके साथ ही लूला के निशाने पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी रहे। रुबियो की तीखी आलोचना करते हुए लूला ने उन्हें सीधे तौर पर 'लैटिन अमेरिका विरोधी' करार दिया और कहा कि वे ब्राजील को बिल्कुल पसंद नहीं करते हैं।दूसरी तरफ, आरोपों से घिरे फ्लेवियो बोल्सोनारो ने इस पूरे विवाद पर अपनी सफाई पेश की है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर यह आग्रह किया था कि वे ब्राजील की कंपनियों पर किसी भी तरह का दंडात्मक टैरिफ न लगाएं।हालांकि, लूला के इस तीखे और कड़े बयानों के बाद कूटनीतिक गलियारों में हलचल तेज है, लेकिन ब्राजील स्थित अमेरिकी दूतावास ने इस पूरे मामले और टिप्पणी के अनुरोध पर फिलहाल पूरी तरह चुप्पी साध रखी है।

## योगी जी, हमें माफ कर दो अब कोई गुनाह नहीं करेंगे

गाजियाबाद, 04 जून (देवव्रत संवाद)। गाजियाबाद में मंगलवार को आपराधिक रिकॉर्ड वाले लगभग 150 लोगों ने हाथ उठाकर शपथ ली और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से माफी मांगने वाले पोस्टर लहराए, और पुलिस पुनर्वास पहल के तहत अपराध का जीवन छोड़ने का संकल्प लिया। पुनर्वास कार्यक्रम के तहत, युवा और मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों ने हाथ उठाकर शपथ ली, जिसमें कहा गया कि हम शपथ लेते हैं कि हम भविष्य में कभी कोई अपराध नहीं करेंगे या किसी भी गलत गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। कई प्रतिभागियों ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को संबोधित पोस्टर ले रखे थे, जिनमें उन्होंने आश्वासन दिया था कि वे अवैध गतिविधियों में वापस नहीं लौटेंगे और क्षमा मांगेंगे। कई तख्तियों पर लिखा था, ह्नमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, हम भविष्य में अपराध नहीं करेंगे। कृपया हमें क्षमा करें।ह्व एक पूर्व आरोपी ने बताया कि उसने दोबारा अपराध न करने की प्रतिज्ञा ली है और उम्मीद जताई है कि कानून उसका साथ देगा। उसने कहा कि मुझे एहसास हो गया है कि अगर हम गलत करेंगे, तो हमें उसके परिणाम भी भुगतने पड़ेंगे।पुलिस उपायुक्त (ट्रांस-हिंडन) धवल जायसवाल ने बताया कि यह अभियान गाजियाबाद में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत चलाए जा रहे सत्यापन अभियान का हिस्सा है।

## सरकार का देश में 5000 तक ए85 फ्यूल डिस्पेंसिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य-पुरी




नई दिल्ली, 04 जून (देवव्रत संवाद)। मारुति सुजुकी ने आज (4 जून) भारत में पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार वैगन-आर फ्लेक्स-फ्यूल को पेश कर दी है। नई वैगन-आर पूरी तरह से ए85 फ्यूल (85% तक एथेनॉल मिक्स पेट्रोल) से चलने में सक्षम है। फिलहाल गाड़ी सिर्फ फ्लीट ऑपरेटर्स और ओला और उबर जैसे कैब एग्रीगेटर्स के लिए ही अवेलेबल होगी। इसी कारण मारुति ने वैगन-आर फ्लेक्स-फ्यूल की कीमतों का खुलासा नहीं किया है।कार के डिजाइन में कोई बदलाव नहीं है, लेकिन ए85 फ्यूल के अनुकूल बनाने के लिए इसमें कई मैकेनिकल अपडेट्स किए गए हैं, जिससे उम्मीद है कि इसकी कीमत पेट्रोल और वर्जन से ज्यादा हो सकती है।केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी कार को लॉन्च के मौके पर कहा कि, सरकार का लक्ष्य साल 2027 के अंत तक देश में 5000 तक ए85 फ्यूल डिस्पेंसिंग स्टेशन लगाने का है। पुरी ने कहा, शुरूआत में हमारे पास दिल्ली-ठउफऔर मुंबई-पुणे-नागपुर कॉरिडोर में लगभग 50 से 100 डिस्पेंसिंग स्टेशन होंगे। इस साल दिसंबर तक इसका विस्तार 500 स्टेशनों तक किया जाएगा।ह्व इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने यह भी भरोसा दिया कि ए85 फ्यूल की कीमत मौजूदा ए20 पेट्रोल के मुकाबले काफी कम रखी जाएगी।वैगनआर फ्लेक्स-फ्यूल इससे पहले भी कई मौकों पर दिखाई दे चुकी है। यह सबसे पहले साल 2022 में और उसके बाद साल 2024 के भारत मोबिलिटी शो में नजर आई थी।

## मुकेश अंबानी से आगे निकले टिकटॉक के सह-संस्थापक, अंबानी पहुंचे तीसरे नंबर पर



मुंबई, 04 जून (देवव्रत संवाद)। टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइडांस के को-फाउंडर झांग यिमिंग मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, झांग की संपत्ति अब 8.9 लाख करोड़ रुपए (93 बिलियन डॉलर) हो गई है।

वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी की संपत्ति 8.31 लाख करोड़ रुपए (86 बिलियन डॉलर) रह गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति अडाणी ग्रुप के मालिक गौतम अडाणी हैं। झांग की दौलत बाइडांस की वैल्युएशन बढ़ने और एआई चैटबॉट डौबाओ की सफलता से बढ़ी है।

यह भारत और दुनियाभर में मशहूर ओपनएआई के चैटजीपीटी और गूगल के जेमिनाई जैसा ही एडवांस्ड एआई असिस्टेंट है। चीन में इस चैटबॉट के 30 करोड़ यूजर्स हैं।झांग 2019 में 1.24 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक थे। बीते 7 साल में उनकी संपत्ति सात गुना ये ज्यादा बढ़ चुकी है। अमेरिका में टिकटॉक का बिजनेस बिकने से कंपनी का संकट दूर हो गया।ब्लूमबर्ग ने इसकी वैल्यू में 25% कटौती घटाकर 10% कर दी है।

# आर्थिक स्थिति पर सरकार घबराहट में, अध्यादेश सिर्फ दिखावा-जयराम रमेश

नई दिल्ली, 04 जून (देवव्रत संवाद)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 4 जून को केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए मोदी सरकार पर मौजूदा आर्थिक स्थिति के कारण घबराहट की स्थिति में होने का आरोप लगाया। पर एक पोस्ट में रमेश ने कहा कि मोदी सरकार स्पष्ट रूप से घबराहट की स्थिति में है और मौजूदा आर्थिक स्थिति को लेकर अपने ही तंत्र के भीतर से ही घिरी हुई है। उन्होंने टेलीविजन पर प्रसारित एक समाचार का हवाला दिया जिसमें बताया गया था कि सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन करने के लिए एक अध्यादेश लाने पर विचार कर रही है, जिसके तहत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा भारतीय सरकारी



प्रतिभूतियों में किए गए निवेश पर लगने वाले 12.5% ??दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा।

जयराम रमेश ने कहा कि सत्ताधारी दल से जुड़े एक टीवी चैनल के समाचार के अनुसार, मोदी सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन करने के लिए एक अध्यादेश जारी करने की योजना बना रही है, जिसके तहत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों में किए गए निवेश पर लगने वाले 12.5% ??दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा। यह दर जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में निर्धारित की गई थी। उन्होंने प्रस्तावित उपाय को एक अस्थायी समाधान बताया जो अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित संरचनात्मक समस्याओं का समाधान करने में विफल है।रमेश ने इस बात पर जोर दिया कि रिकॉर्ड तोड़ कॉर्पोरेट आय के बावजूद भारत में निजी कॉर्पोरेट निवेश कमजोर बना हुआ है, और बताया कि जीडीपी के अनुपात में निवेश में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि असली समस्या यह है कि भारत में निजी कॉर्पोरेट निवेश बहुत सुस्त है। जो लोग भारत में निवेश कर सकते हैं और जिन्हें करना ही चाहिए, वे या तो विदेशों में निवेश कर रहे हैं ।

# राजधानी दिल्ली के होटलों में आग से हो रही मौतों पर आखिर कब लगेगी रोक

दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मरे लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी? एक बार फिर अंधे लालच और आंख मूंदे तंत्र की लापरवाही से बुधवार को एक होटल में लगी भीषण आग में 21 लोगों की मौत हो गई। अभी भी कई लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जतायी जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्टहाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं।

दिल्ली के होटल में हुए अग्निकांड के बारे में बताते हैं कि आपातकालीन निकासी के अभाव व सुरक्षा मानकों का पालन न होने से ज्यादा मौतें हुई। धुंआ निकलने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी ज्यादा लोग दम घुटने से मौत के मुंह में समा गए। आखिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह क्यों नहीं देखा कि स्वीकृत क्षमता से चार गुना विस्तार कर लिया गया है। गेस्ट हाउस के निर्माण में तमाम लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग अपनी जान बचाने के लिये, बदहवासी में ऊपरी मंजिलों से कूदते नजर आए। होटल के बाहर फैले बिजली के तार और अग्निकांड में हुई व्यापक क्षति बताती है कि विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन ठीक से नहीं हुआ। जाहिर बात है कि गेस्ट हाउस से होटल बनाने से, उपयोग में हुए बदलाव की निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है। यदि वर्षों से यह अवैध रूप से संचालित था, तो जांच व कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यदि इसकी अग्नि सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की भी गई थी तो उसके बाद निरीक्षण व नियमों का अनुपालन क्यों सुनिश्चित नहीं किया गया? जाहिर बात है कि लाइसेंस प्राप्त करने वाले होटलों व रेस्टोरेंट की नियमित जांच करके इनके मालिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। क्यों किसी भी विभाग ने निरीक्षण व कार्रवाई की जहमत नहीं उठायी?

# देश के हर शहर में हैं मालवीय नगर



• राकेश अचल

भारत में नगर नियोजन की लचर नीति के कारण दिल्ली के मालवीय नगर का अग्निकांड हुआ ये शायद ही कोई माने. लेकिन हकीकत यही है कि देश भर मे, हर शहर में सरकार की अनदेखी से असंख्य मालवीय नगर बन गए हैं.

दिल्ली के मालवीय नगर के जिस होटल में अग्निकांड में दो दर्जन देशी-विदेशी मारे गए, वो जगह पूरी तरह आवासीय होने के बाद व्यावसायिक क्षेत्र में बदल गया है. नामी अस्पताल करीब होने की वजह से हर घर में होटल. रेस्टोरेंट या पैथलैब खुल गई हैं. आखिर कैसे? किसने इसकी इजाजत दी? नहीं दी तो लेंडयूज बदला कैसे? अगर इन चंद सवालों के जबाब यदि कोई दे दे तो अग्निकांड के लिए जो भी जिम्मेदार है सामने आ जाएगा.

बिहार के मुजफ्फरपुर में शहर के सबसे बड़े अस्पताल प्रसाद हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में गुरुवार सुबह आग लग गई, इसमें भर्ती कई लोगों की मौत होने की आशंका है। तीन मरीज के शव अस्पताल में मिलने से उनकी मौत की पुष्टि हो गई है. ऐसे हादसे देश के अलग-अलग हिस्सों में आए दिन हो रहे हैं लेकिन समस्या की असली जड खोजनने की फुर्सत किसी के पास नहीं है, .

देश की सरकार सर्वे करा ले कि हर शहर में किसी सरकारी अथवा निजी अस्पताल के आसपास की रहवासी बस्तियों में रातों रात होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, पैथलेब और अस्पताल कैसे खुल गए? जिन भूखंडों पर एक मंजिल मकान और एक परिवार के इस्तेमाल की पेयजल, सीवेज की सुविधाएं थीं, वहाँ बहुमंजिला भवन कैसे बन गए? सबका उत्तर एक है कि आदमी के लालच और भ्रष्ट सिस्टम ने हर शहर में दिल्ली के मालवीय नगर जैसे मौत के नगर बसा दिए हैं.

मैं अपने शहर ग्वालियर में देखता हूँ तो पाता हूँ कि पूरी की पूरी आवासीय बस्तियां व्यावसायिक केंद्रों में बदल गई हैं. दुर्भाग्य ये कि इन अवैध संस्थानों में खुले होटलों, रेस्टोरेंट, और अस्पतालों का उदघाटन मुख्यमंत्री से लेकर छुटभैये नेता रोज करते हैं ग्वालियर की ललितपुर कालोनी, गीता कालोनी, खेडापति कालोनी, बसंत विहार, विकास नगर, जवाहर कालोनी एक तरह से दिल्ली के मालवीय नगर ही हैं.

पैसों के लालच में स्थानीय निकाय आंख बंद कर निर्माण की इजाजत दे रहे हैं. कोई सुरक्षा प्रबंधों की जांच नहीं करना चाहता. लेकिन जब कोई बडा हादसा हो जाता है तो सब भागदौड करते दिखाई देते हैं. सवाल ये है कि आवासीय उपयोग के भवनों को आखिर व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए क्यों बदला जा रहा है?

भारत में सरकारी अस्पताल लगभग 26,000 और निजी अस्पताल लगभग 44,000 हैं. ये आंकडे भी आधे अधूरे हैं भारत में कितने होटल, गेस्ट हाऊस और रेस्टोरेंट हैं ये भी कोई नहीं जानता, क्योंकि हमारे यहाँ किसी भी स्तर पर इन चीजों का आधिकारिक रिकार्ड रखा ही नहीं जाता.

दर असल ये मालवीय नगर संस्कृति एक भयानक राष्ट्रीय समस्या है. जैसे शहरों, कस्बों मे संचालित होने वाली दूध डेयरी और उनमें रहने वाले पशु, उनका गोबर ट्रैफिक और सीवेज सिस्टम को पंगु बना देती हैं ठीक उसी तरह अस्पताल, पैथोलॉजी, रेस्टोरेंट, होटल, गेस्टहाउस भी नागरिक सुरक्षा के साथ सीवेज, सडक और यातायात में बाधक हैं. इन्हें तत्काल बंद किया जाना चाहिए. लेकिन किसी सरकार में ऐसा साहस नहीं. न दिल्ली सरकार में, न राज्य सरकारों में.

सरकारें हादसों के बाद राहतें तो बांट सकती हैं लेकिन उन्हे रोकने के स्थाई इंतजाम नहीं कर सकती. सरकारों को वोट का लालच है. ग्वालियर जैसा महानगर आज भी सडकों पर विचरण करती भैंसों की वजह से गांव ही लगता है. मप्र सरकार भैंस डेयरियों को शहर से बाहर खदेडने में नाकाम साबित हुई है. ग्वाला नगर बसाने की योजनाएं फाइलों में ही दम तोड चुकी हैं. कोई उन्हे अमल में नहीं ला सका.इसलिए हत्यारे हम सब हैं सिस्टम के साथ -साथ.




# आखिर धर्मेंद्र प्रधान को क्यों बचाने में लगी है भाजपा और आरएसएस?

• दिनकर कपूर




देश का छात्र और युवा वर्ग आज अभूतपूर्व असुरक्षा, निराशा और आक्रोश के दौर से गुजर रहा है। शिक्षा, परीक्षा और रोजगार से जुड़े सवाल लाखों परिवारों की चिंता का विषय बन चुके हैं। नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, सीबीएसई मूल्यांकन में अनियमितताओं के आरोप, प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रही गड़बड़ियां और रोजगार के घटते अवसरों ने युवाओं के भीतर गहरा असंतोष पैदा किया है।

इसी पृष्ठभूमि में 6 जून 2026 को जंतर-मंतर पर छात्र-युवा संगठनों ने प्रदर्शन का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर भी जवाबदेही की मांग तेज है। आंदोलनरत युवाओं, विभिन्न छात्र संगठनों और विपक्षी नेताओं की ओर से यह मांग उठाई जा रही है कि शिक्षा व्यवस्था में हुई कथित विफलताओं की जिम्मेदारी तय की जाए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। यदि वे स्वयं इस्तीफा नहीं देते हैं तो प्रधानमंत्री को उन्हें मंत्रिमंडल से हटाना चाहिए।

लेकिन सवाल यह है कि जब स्वयं धर्मेंद्र प्रधान सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार कर चुके हैं कि व्यवस्था में चूक हुई है, तब भी उन्हें पद से क्यों नहीं हटाया जा रहा? आखिर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उनके बचाव में इतनी मजबूती से क्यों खड़े हैं?

इसका उत्तर केवल किसी एक परीक्षा विवाद में नहीं, बल्कि पिछले एक दशक में शिक्षा व्यवस्था के भीतर हुए व्यापक राजनीतिक हस्तक्षेप में तलाशना होगा। 2014 के बाद से शिक्षा क्षेत्र में वैचारिक हस्तक्षेप लगातार बढ़ा है। पाठ्यक्रमों में बड़े बदलाव किए गए, इतिहास लेखन को नए सांचे में ढालने की कोशिश हुई और शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता पर प्रश्न उठे। आलोचकों का आरोप है कि शिक्षा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और बहुलतावादी मूल्यों की जगह वैचारिक एजेंडे के अनुरूप ढालने का प्रयास किया गया।

उच्च शिक्षा संस्थानों में नियुक्तियों को लेकर भी लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। विश्वविद्यालयों में कुलपतियों और शिक्षकों की नियुक्तियों में योग्यता की जगह वैचारिक निकटता को महत्व दिए जाने के आरोप लगे हैं। परिणामस्वरूप शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता और स्वतंत्रता प्रभावित हुई है। एनसीईआरटी, यूजीसी और अन्य संस्थाओं की भूमिका को लेकर भी लगातार बहस होती रही है।




आज जो युवा सड़कों पर हैं, उनका गुस्सा केवल नीट या सीबीएसई तक सीमित नहीं है। वह पूरे शिक्षा तंत्र में बढ़ती अव्यवस्था के खिलाफ है। नीट परीक्षा का संचालन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को लेकर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं। 2024 में नीट परीक्षा विवाद के बाद देशव्यापी आंदोलन हुआ था। उस समय भी पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग उठी थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी जिम्मेदारी तय करने की आवश्यकता पर टिप्पणी की थी। लेकिन छात्रों का आरोप है कि ठोस जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की गई।

इसी तरह सीबीएसई मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर सामने आए आरोपों ने भी छात्रों और अभिभावकों की चिंताओं को बढ़ाया है। डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली, टेंडर प्रक्रिया और तकनीकी खामियों को लेकर सोशल मीडिया तथा विभिन्न मंचों पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। छात्रों द्वारा उजागर की गई कथित अनियमितताओं ने शिक्षा प्रशासन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

स्थिति केवल प्रवेश परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और न्यायालयों में वर्षों तक चलने वाले मुकदमों ने युवाओं का विश्वास कमजोर किया है। उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में यह आम धारणा बन चुकी है कि किसी भी भर्ती प्रक्रिया का अंतिम चरण नियुक्ति नहीं, बल्कि अदालत और जांच एजेंसियों तक पहुंचना है।

सबसे गंभीर बात यह है कि देश में लाखों सरकारी पद रिक्त पड़े हैं, लेकिन उनकी नियमित भर्ती नहीं हो रही। दूसरी ओर, जब छात्र और युवा अपने भविष्य को लेकर सवाल उठाते हैं तो उन्हें आंदोलन, धरना और प्रदर्शन के रास्ते पर उतरना पड़ता है। कई जगहों पर इन आंदोलनों के प्रति प्रशासनिक सख्ती भी देखने को मिली है।

स्पष्ट है कि युवाओं का यह असंतोष किसी एक मंत्री या एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। यह उस पूरी व्यवस्था के खिलाफ उभर रहा है जिसे छात्र अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली व्यवस्था मान रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा इस आंदोलन की शुरूआती मांग हो सकती है, लेकिन इसके पीछे शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक नियंत्रण की कहीं बड़ी मांग मौजूद है।

यही कारण है कि धर्मेंद्र प्रधान को लेकर उठ रहा विवाद केवल एक व्यक्ति का प्रश्न नहीं रह गया है। यह उस पूरी शैक्षिक और वैचारिक संरचना पर बहस का विषय बन चुका है, जिसे पिछले एक दशक में खड़ा किया गया है। आने वाले समय में यह संघर्ष शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग से आगे बढ़कर देश की शिक्षा व्यवस्था की दिशा और चरित्र पर राष्ट्रीय बहस का रूप ले सकता है।

प्रदेश महासचिव, ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट, उत्तर प्रदेश

## सिने जगत

# पीएम मोदी को सलाह देने के सवाल पर मनोज बाजपेयी बोले-मैं इन सब चक्करों में नहीं पड़ता




फिल्म गवर्नरः द साइलेंट सेवियर के प्रमोशन के दौरान अभिनेता मनोज बाजपेयी ने राजनीति और नेतृत्व से जुड़े सवाल पर संतुलित जवाब दिया। दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें प्रधानमंत्री को एक सलाह देनी हो तो वह क्या देंगे, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को ऐसी स्थिति में नहीं मानते कि प्रधानमंत्री को कोई सलाह दे सकें।

मनोज बाजपेयी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री को क्या सलाह दूंगा? मैं उस स्थिति में नहीं हूं। मैं इन सब चक्करों में नहीं पड़ता हूं। इससे स्पष्ट था कि वह राजनीतिक बहसों और टिप्पणियों से दूरी बनाए रखना पसंद करते हैं। बातचीत के दौरान मनोज ने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी जिम्मेदारी और विशेषज्ञता का क्षेत्र होता है। उनका मानना है कि आर्थिक संकट, नीतिगत फैसले और देश चलाने जैसे मुद्दों पर फैसला लेने का काम उसी क्षेत्र के विशेषज्ञों का है।

इंटरव्यू में 1991 के आर्थिक संकट और मौजूदा वैश्विक हालात पर सवाल पूछे जाने पर मनोज ने कहा कि ऐसे मामलों में आम आदमी या कलाकार की भूमिका सीमित होती है। अर्थव्यवस्था को संभालने और संकट से निकालने का काम विशेषज्ञों और नीति-निमार्ताओं का है ।मनोज ने कहा, ह्लआपको पत्रकार की जिम्मेदारी निभानी आती है, मुझे अभिनेता की जिम्मेदारी निभानी आती है। इसके अलावा हम सिर्फ पढ़ सकते हैं और समझने की कोशिश कर सकते हैं कि देश और दुनिया में क्या हो रहा है।

उन्होंने बताया कि मुश्किल समय में आम लोग खर्च कम करके और आर्थिक रूप से सतर्क रहकर परिस्थितियों का सामना करते हैं। उनके मुताबिक, कई लोग भविष्य की अनिश्चितताओं को देखते हुए बड़े खर्चों से बच रहे हैं और बचत सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहे हैं।

मनोज बाजपेयी का मानना है कि किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञता का सम्मान होना चाहिए। इसलिए वह राजनीतिक या आर्थिक फैसलों पर सार्वजनिक रूप से सलाह देने से बचते हैं। उनका कहना है कि उन्होंने हमेशा अपने काम पर ध्यान दिया है और वही उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वर्क फ्रंट पर मनोज बाजपेयी जल्द ही फिल्म गवर्नरः द साइलेंट सेवियर में नजर आएंगे। फिल्म 1991 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें एक आरबीआई गवर्नर के सामने आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया है। मनोज का कहना है कि यह सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, दबाव और कठिन परिस्थितियों में फैसले लेने की कहानी भी है।

# त्रिभाषा विवाद के यक्ष प्रश्न व कोर्ट से उम्मीदें

• प्रमोद जोशी

सुप्रीम कोर्ट ने गत 27 मई को सीबीएसई की उस नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई है, जिसमें 1 जुलाई से कक्षा 9 के छात्रों के लिए दो भारतीय मूल भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया गया है।

नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में भाषाओं के अध्ययन से जुड़े कुछ सबसे महत्वपूर्ण सवाल उच्चतम न्यायालय के सामने उठे हैं। इनके पीछे दक्षिण में हिंदी बनाम विदेशी भाषा के मसले भी हैं। अभिभावकों की व्यावहारिक समस्याएं, विद्यालयों के पास उपलब्ध संसाधनों और अध्यापकों की संख्या जैसे सवालों का पिटारा भी अब खुलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने गत 27 मई को सीबीएसई की उस नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई है, जिसमें 1 जुलाई से कक्षा 9 के छात्रों के लिए दो भारतीय मूल भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया गया है।

हालांकि, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने इस मामले में कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया है, पर उन्होंने केंद्र सरकार, सीबीएसई और एनसीईआरटी को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब मांगा है। अदालत ने अलबत्ता यह कहा है कि बोर्ड का तीसरी भाषा को शामिल करने का निर्णय सिद्धांत रूप में ह्यप्रशंसनीयह्व हो सकता है, लेकिन इसे वर्तमान शैक्षणिक वर्ष से लागू करने में कुछ व्यावहारिक प्रश्न उठेंगे। शिक्षकों और पुस्तकों की कमी के मद्देनजर इस नीति को लागू करने की तार्किक और तथ्यात्मक चुनौतियों को लेकर अदालत अधिक चिंतित है।

बहरहाल, न्यायालय 15 और 16 जुलाई को दलीलें सुनेगा। उसी समय इस आदेश को लागू किया जा रहा होगा। शैक्षिक-प्रश्न के अलावा यह राजनीतिक प्रश्न भी है। अपनी भाषा-नीति के अनुरूप डीएमके ने इस कदम का विरोध किया है, वहीं कांग्रेस ने बिना परामर्श के अधिसूचना जारी होने की आलोचना की है। दक्षिण भारत, खासतौर से तमिलनाडु में कहा जा रहा है कि सीबीएसई का यह आदेश हिंदी थोपने का प्रयास है।

कुछ समय पहले, सीबीएसई ने घोषणा की थी कि तीसरी भाषा की अनिवार्यता को 2029-30 शैक्षणिक वर्ष तक स्थगित कर दिया जाएगा। यह अचानक बदलाव क्यों? एनईपी 2020, जिसके तहत यह आदेश लागू किया जा रहा है, लचीलेपन का वादा करती है। वह गारंटी देती है कि किसी भी छात्र या राज्य पर कोई भाषा थोपी नहीं जाएगी। दूसरी तरफ अभिभावक और शिक्षक बोर्ड परीक्षाओं से ठीक पहले छात्रों पर बढ़ते दबाव को लेकर चिंतित हैं। प्रशिक्षित भाषा शिक्षकों की कमी और उपयुक्त पाठ्य-पुस्तकों की अनुपलब्धता भी चुनौतियां हैं।

इस आदेश के विरोधी यह भी कहते हैं कि इससे विदेशी भाषा की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों का अहित होगा। कुछ छात्र पहले से ही फ्रेंच, जर्मन या जापानी जैसी विदेशी भाषाओं का अध्ययन कर रहे हैं। वहीं इस नीति के समर्थक कहते हैं कि स्कूली शिक्षा भारतीय भाषाओं से ऊपर विदेशी भाषाओं को रखना न तो तार्किक है और न ही लाभकारी। विदेशी भाषाओं को वैकल्पिक विषयों के रूप में पढ़ाया जा सकता है। भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना, विदेशी भाषाओं को हतोत्साहित करना नहीं है।



याचिकाकताओं के वकील कपिल सिब्बल ने अदालत में कहा कि यह मुद्दा संघवाद और भाषा के चयन से जुड़े संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा है। भाषा व्यक्तिगत पसंद का विषय है और इसे थोपा नहीं जा सकता। इस पर पीठ ने कहा कि इस तर्क को उलट कर यह कहा जा सकता है कि अधिक भाषाएं सीखना संघवाद की भावना को लाभ पहुंचाने का काम करेगा। 15 मई को जारी परिपत्र के अनुसार, विदेशी भाषा का चयन करने वाले छात्र दो भारतीय मूल भाषाओं का अध्ययन करने के बाद केवल तीसरी भाषा के रूप में या एक अतिरिक्त चौथी भाषा के रूप में ही ऐसा कर सकेंगे। यह नियम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2023 का हिस्सा है। परिपत्र के अनुसार कक्षा 10 में तीसरी भाषा के लिए कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। ह्यआर3 (तीसरी भाषा) के सभी मूल्यांकन पूरी तरह से विद्यालय-आधारित और आंतरिक होंगे। इसका विवरण सीबीएसई प्रमाणपत्र में परिलक्षित होगा। इस नीति के आलोचक मानते हैं कि हिंदी भाषी राज्यों ने तीन-भाषा नीति के प्रति उदासीन रुख अपनाया है, जिनमें से ज्यादातर ने क्षेत्रीय भाषा के बजाय संस्कृत को चुना है। उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में पहली भाषा अंग्रेजी, दूसरी हिंदी और तीसरी भाषा संस्कृत है।

मध्य प्रदेश में अभी दो-भाषा नीति लागू है, जिसमें अंग्रेजी पहली भाषा और हिंदी दूसरी भाषा है। झारखंड में तीसरी भाषा मुख्य रूप से संस्कृत है, हालांकि कुछ स्कूलों में संथाली जैसी क्षेत्रीय भाषाएं भी पढ़ाई जाती हैं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में संस्कृत के साथ-साथ गोंडी जैसी क्षेत्रीय भाषा भी पढ़ाई जाती है। परेशानी उन अभिभावकों को होती है, जो एक शहर से दूसरे शहर में जाते हैं और उन्हें अपनी मन-पसंद की विदेशी भाषा पढ़ाने वाला स्कूल नहीं मिलता।

मोटे तौर पर बहुसंख्यक गैर-हिंदी राज्यों में बच्चे अंग्रेजी और हिंदी के साथ तीसरी भाषा के रूप में अपनी मातृभाषा सीखते हैं। राज्यों के बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रमों में टकराव होता है। यह दिक्कत केवल हिंदी क्षेत्रों में ही नहीं है। दक्षिण में भी है, जहां बच्चों को तीसरी भाषा के रूप में तमिल, कन्नड़, मलयालम या तेलुगु पढ़नी पड़ती है। इससे उन्हें दिक्कत होती है, जो कक्षा पांच से जिस तीसरी भाषा को पढ़ रहे होते हैं, उसे छोड़ना पड़ता है। यों पांचवीं कक्षा तक भाषा का मूल्यांकन भी नहीं होता। कुछ लोगों को लगता है कि संस्कृत या उर्दू पढ़ने से उनके बच्चों का करिअर अच्छा नहीं होगा, विदेशी भाषा पढ़ने से होगा।

भाषा संबंधी प्राथमिकताएं भी राज्यों के अनुसार भिन्न होती हैं। मध्य प्रदेश में अब तक केवल दो-भाषा प्रणाली ही लागू है, जिसका पालन राज्य बोर्ड और सीबीएसई दोनों स्कूलों द्वारा किया जाता है। अभिभावक इंतजार कर रहे हैं कि क्या इस साल कोई बदलाव होगा। देश के बाहर सीबीएसई स्कूलों के साथ भी ऐसा ही है। तीसरी भाषा के रूप में विदेशी भाषा का चयन किया जा सकता है, पर सभी स्कूलों में सभी भाषाएं उपलब्ध नहीं होतीं।

कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि भाषाओं का बोझ गरीब तबके के बच्चों को पढ़ाई से विमुख करता है। उच्च-मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे को मिलने वाले विशेषाधिकार सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से बिलकुल अलग होते हैं। पोषण संबंधी अंतर ही चौंकाने वाला है। और यह असमानता केवल शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि आदिवासी क्षेत्रों में भी स्पष्ट है। मिड डे मील के कारण बच्चों को स्कूल आने की प्रेरणा मिलती है, लेकिन विषयों का बोझ उन्हें हतोत्साहित करता है। उनके अभिभावक अपने बच्चों के लिए ट्यूशन भी नहीं लगा सकते। पर भाषा के सवाल अलग-अलग उम्र के बच्चों के लिए अलग होते हैं। पांच-छह साल के बच्चे और बारह-चौदह साल के बच्चे की सीखने की प्रवृत्ति अलग होती है। इसलिए यह शिक्षा-मनोविज्ञान से जुड़ा विषय भी है।

सवाल है कि जो बच्चे पहले से फ्रेंच, जर्मन और स्पेनिश भाषा पढ़ रहे हैं, वे एक नई भारतीय भाषा को बिल्कुल नए सिरे से किस तरह से सीखेंगे? पर उन्हें विदेशी भाषा पढ़ने की हड़बड़ी क्यों है? वह तो पढ़ाई पूरी होने के बाद भी सीखी जा सकती है। उन्हें पढ़ाने वाले अध्यापकों को अपनी नौकरी जाने का डर है, वहीं बहुत से स्कूलों में इन भाषाओं को पढ़ने के इच्छुक छात्र हैं, पर अध्यापक नहीं हैं। ये समस्याएं शिक्षा की सामान्य समस्याओं से अलग नहीं हैं। अदालत के सामने इसके तमाम पक्ष खुलकर सामने आएंगे।

लेखक वरिष्ठ संपादक रहे हैं।

# खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 04 जून (देवव्रत संवाद)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज,अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र,चंदौली के तत्वावधान में ३खेत बचाओ अभियान३के अंतर्गत उर्वरकों के संतुलित उपयोग विषय पर कृषक जागरूकता कार्यक्रम ग्राम अवही,विकास खंड धानापुर, जनपद चंदौली में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र,चंदौली के अध्यक्ष डॉ.नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने की,अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी।




उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन,जैविक पदार्थों का प्रयोग तथा संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाना आवश्यक है।इससे न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि उत्पाद की गुणवत्ता भी बेहतर होती है।कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ.चंदन सिंह ने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व,उसकी आवश्यकता तथा मृदा नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से उत्पादन लागत कम होती है तथा भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहती है।वैज्ञानिक डॉ. अभयदीप गौतम ने किसानों को खरीफ मौसम की प्रमुख फसल धान के उन्नत नर्सरी प्रबंधन क्षेत्र के लिए उपयुक्त उन्नत एवं प्रमाणित धान प्रजातियों तथा टैगयुक्त गुणवत्ता युक्त बीजों के चयन एवं उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।उन्होंने किसानों को समय पर नर्सरी तैयार करने तथा स्वस्थ पौधों के उत्पादन हेतु वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी।कार्यक्रम के दौरान किसानों की विभिन्न कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया तथा उन्हें कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं,कार्यक्रमों एवं नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम अवही एवं आसपास के क्षेत्रों के 110 पुरुष एवं महिला कृषकों ने सहभागिता की।अंत में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से सभी कृषकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा उन्हें वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।

## ट्रक में तस्करी हेतु ले जा रही अवैध बीयर बरामद,दो तस्कर गिरफ्तार



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 04 जून (देवव्रत संवाद)। उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में जनपद में शराब,गौ-तस्करी तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चन्दौली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चौकी नवीन मण्डी के सामने वाराणसी से बिहार जाने वाले हाईवे(राष्ट्रीय राजमार्ग)पर घेराबंदी कर एक ट्रक को रोका गया।संदेह होने पर जब ट्रक की तलाशी ली गई तो भूसी की आड़ में छिपाई गई कुल 1210 पेटी अवैध बीयर बरामद करते हुए मौके से 02 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया।इस सम्बन्ध में थाना चन्दौली पर मु.अ.सं. 0274/2026 अंतर्गत धारा 60/63 उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे इस अवैध बीयर को पंजाब राज्य से लोड कर बिहार राज्य के जनपद औरंगाबाद ले जा रहे थे।इस माल को पहुँचाने के एवज में उन्हें प्रति चक्कर 50,000/-मिलते हैं। अवैध परिवहन को छुपाने के लिए उन्होंने शुरूआत में गाड़ी में भूसी लदे होने की बात कहकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया था। पकड़े गए तस्करों में मूलाराम वह हितेंद्र कुमार बताए जाते हैं। जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्नि में कार्रवाई करने में जुट गई।

## गैंगस्टर एक्ट के अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मीरजापुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान इनामियां, गैंगस्टर, जिलाबदर, वारण्टी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना लालगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-221/2026 धारा 3(1)उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण) अधिनियम में बड़ी कार्यवाही करते हुए आज दिनांकः04.06.2026 को उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव मय पुलिस टीम द्वारा पतुलकी ओवर ब्रिज के पास से गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त अमित पुत्र सुरेश निवासी ग्राम खुटहनियां थाना करमा जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया

# भौकाल बनाने के लिए लहराया तमंचा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 04 जून (देवव्रत संवाद)। उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष बलुआ अरूण प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 जगदीश प्रसाद मय टीम मु0अ0सं0-152/2026 धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वादी मुकदमा को दिनांक 02.06.2026 को नैढी ईदगाह चौराहे पर मारपीट करते हुए असलहा लहराने वाला अभियुक्त आमिर अहमद पुत्र जियाउद्दीन निवासी ग्राम बड़गावां थाना बलुआ जनपद चन्दौली को एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी करते हुए आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 02.06.2026 को नैढ़ी ईदगाह चौराहे के पास मुझसे व नैढ़ी गांव के एक व्यक्ति से मारपीट हो गयी




थी तो मैं वहीं पर असलहा लहराते हुए उसे धमकी दिया था, यह असलहा मैंने क्षेत्र में अपना भौकाल बनाने के लिये अपने पास रखता हूँ।

जिसके बाद मुझे पता चला कि उस व्यक्ति नें मेरे खिलाफ बलुआ थाने में मुकदमा लिखवाया है।जिसके डर से मैं घर से बनारस जाने के लिये निकला था कि पुलिस ने पकड़ लिया।यह असलहा मैं जिला भभुआ बिहार में एक राह चलते व्यक्ति से खरीदा था जिसका नाम पता मुझ ने नहीं पता है।गलती हो गयी माफ कर दीजिये भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं करूंगा।गिरफ्तार अभियुक्त आमिर अहमद पुत्र जियाउद्दीन निवासी ग्राम बड़गावां थाना बलुआ जनपद चन्दौली निवासी बताया जाता है।

## भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंत्री ने की समीक्षा



मीरजापुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ ही यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मा0 प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियो से परिपूर्ण 07 जून 2026 को 12 वर्ष पूर्ण होने एवं यशस्वी मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 05 जून 2026 से 21 जून 2026 तक सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के थीम पर विशेष जन सम्पर्क एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम की तैयारियो के दृष्टिगत प्रदेश के मा0 मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आइ0 एवं निवेश प्रोत्साहन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता ह्यनदींह्ण आज अष्टभुजा गेस्ट हाउस में जनपद के मा0 जनप्रतिनिधिगण व अधिकारियो के साथ बैठक कर प्रतिदिन के कार्यक्रम की तैयारियो की समीक्षा की। बैठक उपाध्यक्ष राज पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लाल बहादुर सरोज, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0 धर्मजीत सिंह के अलावा सभी सम्बन्धित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के थीम पर आयोजित कार्यक्रम के तैयारियो के बारे में जानकारी दी। मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि 05 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत जनपद में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए अमृत सरोवरो, तालाब व जल स्त्रोतो की स्वच्छता एवं पुर्नजीवन अभियान के अन्तर्गत आयोजित कर वृक्षारोपण कराया जाए। वृक्षारोपण अभियान में विद्यालयो एवं स्वंय सहायता समूहो, सरकारी गैर सरकारी संस्थाओ, प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानो का सहयोग लिया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि निजी भूमि पर वृक्षारोपण कार्यक्रम करने के लिए पंचायती राज, ग्राम्य विकास व राजस्व विभाग के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत आरोपी को 8,000 के अर्थदण्ड की सजा

मीरजापुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पीयूष मोर्डिया अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन में अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध सहित लूट, हत्या, डकैती, धर्म परिवर्तन, गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है । उक्त अभियान के क्रम में –थाना विंध्याचल परसीएलए एक्ट में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई गई ।अभियोजन अधिकारी- एपीओ जितेन्द्र यादव, विवेचक- उ0नि0 के0के0 शुक्ला, कोर्ट मुहर्रिर-मुख्य आरक्षी सुबेदार यादव व रिजवान खां तथा पैरोकार-मुख्य आरक्षी बृजेश यादव द्वारा प्रभावी पैरवी की गई । न्यायालय द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बंधित अभियुक्त-राजकुमार दुबे पुत्र अगनू पंडा निवासी कंतित थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर को जेल में बितायी गयी अवधि एवं 8,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## चिकित्सक ने कहा अब सड़क या कोर्ट से होगा फैसला

जौनपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। जिले में एक डेंटल सर्जन और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य के साथ कथित दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित चिकित्सक ने आरोप लगाया है कि उनके साथ थाने में न केवल अभद्र व्यवहार किया गया, बल्कि शिकायत की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की उम्मीद भी धूमिल हो गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष को दी गई कथित ह्लसजाह्व से उनका दर्द कम होने के बजाय और बढ़ गया है। डेंटल सर्जन डॉ. प्रभात विक्रम सिंह ने कहा कि अब उन्हें न्याय की उम्मीद प्रशासनिक स्तर पर नहीं दिख रही है, इसलिए वे या तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे या फिर न्यायालय की शरण लेंगे। डॉ. प्रभात विक्रम सिंह के अनुसार, वह अपनी पैतृक भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण की शिकायत लेकर 25 मई को थाना तेजीबाजार पहुंचे थे। उनका आरोप है कि शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने के बजाय तत्कालीन थाना प्रभारी सत्येंद्र भाई पटेल ने उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया, जूते और बेल्ट उतरवा लिए गए तथा उन्हें घंटों लॉकअप में बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

बाद में उनका धारा 151 के तहत चालान भी कर दिया गया। पीड़ित चिकित्सक का कहना है कि उन्होंने पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी और उन्हें उम्मीद थी कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन, उनके अनुसार पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को केवल इतना कहा कि वह डॉक्टर को थाने बुलाकर उनके साथ चाय पिएं। डॉ. सिंह का आरोप है कि इस कथित फैसले ने उनके जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय नमक छिड़कने का काम किया है।

## न्यायालय के आदेश के बावजूद नहीं हटा अवैध कब्जा

जौनपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)।शाहगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम जरों में सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर कथित अवैध कब्जा, सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी और प्रशासनिक उदासीनता का मामला अब गंभीर विवाद का रूप लेता जा रहा है। शिकायतकताओं का आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज ग्राम समाज की भूमि को प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से कागजों में आबादी दिखाकर कब्जा कर लिया गया, जबकि न्यायालयों और राजस्व अधिकारियों के आदेशों के बाद भी आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।मामला ग्राम जरों, परगना अंगुली, तहसील शाहगंज स्थित भूखण्ड संख्या 503, क्षेत्रफल 0.178 हेक्टेयर से जुड़ा है। राजस्व अभिलेखों में दर्ज यह भूमि सार्वजनिक रास्ते के रूप में चिन्हित बताई गई है। शिकायतकर्ता उमेश कुमार एवं अंतिम कुमार का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने इस भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया और बाद में अभिलेखों में भी बदलाव करा दिया गया। शिकायतकताओं के अनुसार चकबंदी के मूल अभिलेखों में पूरी भूमि रास्ते के खाते में दर्ज थी। आरोप है कि अपील की प्रक्रिया के दौरान रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित आकार पत्र-41 एवं आकार पत्र-45 के मूल अभिलेखों से छेड़छाड़ की गई। पुराने पन्नों को हटाकर नए पन्ने जोड़ दिए गए और रास्ते की भूमि को विभिन्न हिस्सों में विभाजित कर आबादी के रूप में दर्ज करने का प्रयास किया गया।

## माँ बेटे के विवाद को सुलझाया

जौनपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)।जफराबाद थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी एक माँ बेटे के विवाद को पुलिस ने समझा बुझाकर सुलह करा दिया।उक्त गांव निवासी रीता सिंह पत्नी स्वर्गीय मनोहर सिंह से उनका पुत्र मानवेन्द्र सिंह आये दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा करता रहता है। वह अपनी माँ से आये दिन पैसा मांगता।पैसा नही देने पर वह गाली गलौज करता। उसने जबरदस्ती अपनी माँ से उनका चेकबुक छीन लिया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे-प्रभारी मंत्री



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 04 जून (देवव्रत संवाद)।राज्य मंत्री समाज कल्याण, अनुसूचित जाति जन जाति कल्याण विभाग, उ०प्र०/जनपद के प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड की अध्यक्षता में सदर तहसील के ग्राम नरसिंहपुर के कम्पोजिट विद्यालय नरसिंहपुर परिसर में जन चौपाल का आयोजन हुआ।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस चौपाल में सरकार सीधे जनता के द्वार पहुँची,जहाँ ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया।

उन्होंने मौके पर मौजूद जिला व जनपद स्तर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाने और उनका वास्तविक फीडबैक लेने का चौपाल सबसे सशक्त और प्रभावी माध्यम है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार, 5 जून से 21 जून 2026 तक प्रदेश की सभी विधानसभाओं में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।प्रभारी मंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड,विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,किसान सम्मान निधि,हर घर जल योजना और सामुदायिक शौचालय आदि के बारे में जानकारी ली।उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं से कोई भी गरीब वंचित नहीं रहना चाहिए।ग्रामीणों की शिकायतें सुनते हुए प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।चौपाल समाप्ति के पश्चात मंत्री सहित अन्य गणमान्य द्वारा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नीम,पीपल, बरगद,जामुन, आंवला का पौध रोपड़ कर धरती माँ के संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर राज्य सभा सांसद साधना सिंह, ब्लाक प्रमुख सदर संजय सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह,जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग,पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल,मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साई,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार,सोशल सेक्टर के अधिकारी गण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## श्री सेवा सामाजिक संस्था द्वारा अस्वस्थ महिला को ले जाया गया अस्पताल



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 04 जून (देवव्रत संवाद)। जीटी रोड काली मंदिर के सामने सड़क किनारे एक लगभग 50 वर्षीय महिला विगत तीन दिनों से अस्वस्थ अवस्था में पड़ी हुई है जिसका सूंघ लेने वाला कोई प्रशासन/जिला प्रशासन सामने नहीं आया।पूछे जाने पर उक्त महिला अपने शरीर में दर्द होने की बात बता पा रही है जिसके चलते महिला दर्द से कहराने के साथ रोने बिलखने लग रही है ।वहीं आसपास के दुकानदारों ने उक्त महिला को खाने के लिए भोजन पानी दिया।जब इसकी सूचना श्री सेवा सामाजिक संस्था को लगी तो मौके पर पहुंचे संस्था के लोगों द्वारा उक्त महिला को इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया। जिसकी आसपास के क्षेत्रीय लोगों ने काफी सराहना की और संस्था के लोगों को धन्यवाद दिया।

## दुकान में तोड़फोड़, मारपीट व नकदी लूटने का आरोप, एक हिरासत में

गोपीगंज, 04 जून (देवव्रत संवाद)। कोतवाली क्षेत्र के अमवा-सुमेरीपट्टी गांव में बुधवार रात एक किराना एवं जनरल स्टोर पर तोड़फोड़, मारपीट और नकदी लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार रात में सामान लेने आए एक व्यक्ति से विवाद के बाद कुछ लोग दुकान पर पहुंच गए और हंगामा करते हुए मारपीट तथा तोड़फोड़ की। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस आरोपी को कोतवाली ले गई। पीड़ित पक्ष ने तहरीर देकर दुकान के गल्ले से नकदी ले जाने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट, धमकी व उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज

गोपीगंज, 04 जून (देवव्रत संवाद)। थाना क्षेत्र के बिहरोजपुर गांव निवासी रेनू देवी की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने गांव के ही दीनानाथ यादव और गायत्री देवी पर घर में घुसकर मारपीट करने, सिर पर बाल्टी से वार कर घायल करने तथा लगातार उत्पीड़न और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस टीम पर फायरिंग पर बदमाष फरार

जौनपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। सुरेरी थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब रात्रि गश्त पर निकली पुलिस टीम पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, जबकि हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में सघन कांबिंग शुरू कर दी गई है।पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक रामाशीष यादव अपने हमराहियों आरक्षी संदीप गौड़, आरक्षी समीर यादव, आरक्षी जयहिंद तथा सरकारी वाहन चालक पीआरडी आशीष कुमार के साथ क्षेत्र में रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान कोठिया की बारी बहद ग्राम सुरेरी के पास रात करीब दो बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवक सुरेरी बाजार की ओर से आते दिखाई दिए।पुलिस टीम ने जब उन्हें रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने रुकने के बजाय अवैध असलहे निकाल लिए और पुलिस दल पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए खुद को सुरक्षित रखा, लेकिन हमलावर मौके से भदोही की दिशा में भाग निकले। उपनिरीक्षक की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही बदमाशों की पहचान में जुटी है।

## युवक पर हमला, छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। सुरेरी थाना क्षेत्र के जामडीह गांव में मामूली विवाद को लेकर एक युवक पर हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जामडीह गांव निवासी रणजीत सिंह पुत्र रविंद्र सिंह ने सुरेरी थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि देर शाम गांव के ही शिवपूजन सिंह, सत्यम सिंह, प्रदुम सिंह, अनिल सिंह, छोटू सिंह एवं कल्लू सिंह ने मामूली कहासुनी को लेकर उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने बियर की बोतल से उनके सिर पर वार कर घायल कर दिया। इसके बाद जमीन पर गिर जाने पर लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## आठ लोगों को किया गिरफ्तार

जौनपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। सुरेरी पुलिस ने सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर गाली गलौज करने मारपीट करने एवं अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सुरेरी पुलिस ने गुरुवार को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 8 लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें भजन कुमार पुत्र त्रिभुन कुमार निवासी सुरेरी, विकास राजभर पुत्र रामविलास राजभर निवासी हीरापट्टी, आकाश कश्यप पुत्र अच्छे लाल निवासी हरिहरपुर, किशन पुत्र जयप्रकाश गौतम निवासी नोनरा, रोहित कनौजिया पुत्र सूर्यबली कनौजिया निवासी राईपुर, किशन विश्वकर्मा व अजय विश्वकर्मा पुत्र गण जगनरायण विश्वकर्मा निवासी राईपुर सूरज कुमार गौतम पुत्र कन्हैयालाल निवासी कसेरु, पुलिस सभी आरोपितों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान संबंधित न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी आरोपित सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रुप बनाकर गाली गलौज व क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित करने की गतिविधियों में संलिप्त पाए गए थे।

## शॉर्ट सर्किट से आग में तीन छप्पर जलकर राख

जौनपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में गुरुवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने पाल बस्ती में अफरा-तफरी मचा दी। आग की चपेट में आने से तीन छप्पर जलकर पूरी तरह राख हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पाल बस्ती में अचानक बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली, जिसने देखते ही देखते पास के छप्परों को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।घटना की सूचना मिलते ही सिंगरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया । हालांकि आग से तीन छप्परों के जलने के कारण गृहस्थी का सामान भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

## हादसे में चालक समेत पांच घायल

जौनपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)। बरसठी थाना क्षेत्र के मौहरी गांव निवासी मुन्ना अपनी तीन बेटियों के साथ गोपालापुर अपने ससुराल गए थे घर वापस आते समय बरसठी थाना क्षेत्र के भान्नौर गांव के पास के सामने से आ रही बोलेरो ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें ऑटो पलट गई पलट के क्षतिग्रस्त हो गया । ऑटो में बैठे चालक समेत पांच घायल हो गए घायलों में आटो चालक बृजभान 28 वर्ष पुत्र हीरालाल निवासी जमालपुर थाना रामपुर मुन्ना 45 वर्ष खुशबू 12 वर्ष अंजलि 13 वर्ष चांदनी 15 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए 108 द्वारा सभी को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जहां पर उनका उपचार चल रहा है पुलिस कार्रवाई में जुटी है

# एनटीपीसी रिहंद में सतत विकास लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता पहलों में तेजी

बीजपुर,सोनभद्र , 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। एनटीपीसी रिहंद ने अपने स्थिरता पहल को मजबूत करने में काफी तरक्की की है और अपने काम को सतत विकास लक्ष्य के साथ करीब से जोड़ा है। यह संगठन पर्यावरण संरक्षण, चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांत और स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए एक मजबूत और लगातार प्रतिबद्धता दिखाता रहता है।अपनी शुरूआत से ही, एनटीपीसी रिहंद ने बड़े पैमाने पर पेड़ लगाने और पारिस्थितिक बहाली पर जोर दिया है। संयंत्र ने अपने प्रचालन परिसर और आस-पास के इलाकों में लगभग 24 लाख पेड़ लगाए हैं, जिससे इलाके को हरा-भरा बनाने में बहुत मदद मिली है। इनमें से,लगभग 35,000 पौधे मियावाकी तकनीक का प्रयोग करके लगाए गए हैं, जो घने, तेजी से बढ़ने वाले सूक्ष्म वन बनाने के लिए जानी जाती है जो जैव विविधता को बढ़ाते हैं और हवा की गुणवत्ता में सुधार करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2026द27 के लिए, एनटीपीसी रिहंद ने 75,000 पेड़ लगाने का बड़ा लक्ष्य रखा है, जिसमें मियावाकी तरीके से लगाए गए 36,000 पौधे शामिल हैं, जिससे इसका हरा आवरण और पर्यावरणीय लचीलापन और मजबूत होगा।कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में,एनटीपीसी रिहंद ने स्थिरता और कुशल तरीकों को लागू करके काफी प्रगति की है। 2019 से, टाउनशिप में पैदा हुए लगभग 34 टन प्लास्टिक कचरे का सीमेंट प्लांट में सह-प्रसंस्करण के जरिए पूरी तरह इस्तेमाल किया गया है, जिससे पर्यावरण के हिसाब से सुरक्षित निपटान सुनिश्चित हुआ है। खास बात



यह है कि स्टेशन जीरो-प्लास्टिक-वेस्ट-डिस्पोजल अप्रोच रखता है, जिसमें हर साल पैदा होने वाला सारा प्लास्टिक कचरा दोबारा इस्तेमाल के लिए सीमेंट इंडस्ट्रीज को भेज दिया जाता है। इसके अलावा, एनटीपीसी रिहंद ने टाउनशिप में कलर-कोडेड बिन लगाकर और नियमित जागरूकता अभियान चलाकर, लोगों को जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के तरीके अपनाने के लिए बढ़ावा देकर, सोर्स पर ही कचरे को अलग करने को सक्रिय बढ़ावा दिया है।

अपने ह्लवेस्ट-टू-वेल्थह्व अप्रोच पर जोर देते हुए, एनटीपीसी रिहंद ने उन कोशिशों को भी सपोर्ट किया है जो पुनर्चक्रण सामग्री को क्रिएटिव क्राफ्ट और आर्टवर्क में बदलती हैं। ये गतिविधियां न सिर्फ स्थिरता के बारे में जागरूकता पैदा करती हैं बल्कि समुदाय में कौशल विकास और रोजी-रोटी के मौकों में भी मदद करती हैं।स्टेशन ने औद्योगिक उप-उत्पादों के इस्तेमाल में भी काफी तरक्की की है। फ्लाई ऐश और पॉण्ड की राख को सीमेंट और सड़क बनाने वाली परियोजनाओं को अच्छे से आपूर्ति की जा रही है, जिससे उनका उत्पादक इस्तेमाल पक्का हो रहा है। इस प्रक्रिया को बीटीएपी और बीओएक्सएन वैगन जैसे खास परिवहन व्यवस्था के जरिए आसान बनाया गया है, जिससे बड़े पैमाने पर दोबारा इस्तेमाल हो पाता है और पर्यावरण पर कम असर होता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, समर्थ अभियान के तहत कुल 40,848 मीट्रिक टन बायोमास पेलेट्स का इस्तेमाल किया गया। पर्यावरण प्रबंधन में एक अहम पड़ाव घरेलू और औद्योगिक गंदे पानी की 100ःपुनर्चक्रण और दोबारा इस्तेमाल की कामयाबी है। इस कामयाबी ने मीठे पानी के स्रोत पर निर्भरता को काफी कम कर दिया है, जो पानी बचाने के लिए एनटीपीसी रिहंद की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसके अलावा, एक फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (थ्ळक) यूनिट लगाने का काम चल रहा है, जिससे एसओएक्स उत्सर्जन में काफी कमी आएगी और हवा की गुणवत्ता बेहतर होगी।नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में, एनटीपीसी रिहंद 20 मेगावाट का सौरऊर्जा परियोजना बना रहा है, जो डीकाबोर्नाइजेशन की अपनी कोशिशों को और आगे बढ़ा रहा है।

## यातायात पुलिस का विशेष अभियान : 30 से अधिक ओवरलोड ऑटो वाहनों पर कार्यवाही



सिंगरौली, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। यातायात पुलिस सिंगरौली ने जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों पर विशेष जांच अभियान चलाकर 30 से अधिक ओवरलोड ऑटो वाहनों पर सख्त कार्यवाही की। अभियान के दौरान चालकों को यातायात नियमों और वाहन के वैध दस्तावेजों के महत्व के प्रति जागरूक भी किया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री षियाज के.एम. और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा के निर्देशन में अभियान के दौरान ऑटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, वाहन बीमा, पंजीयन और फिटनेस प्रमाणपत्र की भी गहन जांच की गई। अधिकारियों ने चालकों को समझाया कि ओवरलोडिंग न केवल मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों के जीवन और सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती है।

यातायात पुलिस ने बताया कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है और आपातकालीन परिस्थितियों में गंभीर चोटें आ सकती हैं। वाहन संचालन के समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखना अनिवार्य है, और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे ओवरलोड वाहनों में यात्रा करने से बचें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करें।

# अटल आवासीय विद्यालय से युवाओं के सपनों को मिल रही उड़ान

सोनभद्र , 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मीरजापुर मंडल के सोनभद्र जिले के गुरमुरा में संचालित अटल आवासीय विद्यालय युवाओं के सपने साकार करने का माध्यम बन रहा है। यहां मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को सीबीएसई पैटर्न पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इससे निराश्रित और गरीब परिवार के बच्चों के सपनों को एक नई उड़ान मिली है। उनके भीतर उज्ज्वल भविष्य को लेकर आत्मविश्वास भी जागा है।

प्रधानाचार्य बिनोद कुमार मंडल ने बताया कि शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में अब तक 160 सीटों के सापेक्ष 150 छात्रों का प्रवेश लिया जा चुका है जबकि कक्षा 9 में 64 सीटों के सापेक्ष 54 छात्रों ने अभी तक प्रवेश लिया है। वर्तमान में 820 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक युग में छात्रों को अधिक से अधिक तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जा सके इसके लिए योगी सरकार इस विद्यालय में बच्चों को आईटी और कम्प्यूटर साइंस की शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान दे रही है। इस वर्ष 2026-27 में शुरू होने जा रहे ग्यारहवीं कक्षा में कम्प्यूटर साइंस का विषय विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। कम्प्यूटर शिक्षण के लिए विद्यालय में पीजीटी कम्प्यूटर शिक्षक का पद सृजित किया गया है। विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण



विकास के लिए योगा, शारीरिक व्यायाम व खेलकूद की भी सुविधा सुनिश्चित की गई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्ष 2025-26 में हाईस्कूल के प्रथम बैच के 118 छात्रों में से 108 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कीं। छात्र अमित कुमार ने सर्वाधिक 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 82.20 प्रतिशत अंकों के साथ रागिनी दूसरे स्थान पर रहीं जबकि सत्यम ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**प्रवेश के लिए ये कर सकते हैं आवेदन**

सरकार विद्यालय में निरंतर सुविधाओं का विस्तार करते हुए पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चों को गुणवत्तापूर्ण निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के मकसद से अटल आवासीय विधायक का संचालन कर रही है। मीरजापुर, भदोही व सोनभद्र के उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे एवं कोविड-19 के दौरान कोरोना से निराश्रित हुए बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र बच्चे प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं। गौरतलब है कि अटल आवासीय विद्यालय, गुरमुरा का उद्घाटन 11 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अटल आवासीय विद्यालय वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से किया था।

## पीएम सूर्य घर बिजली योजना में बाधा डालने वाले बैंक प्रबंधकों के खिलाफ होगी कार्रवाई - जिलाधिकारी



गाजीपुर, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में परियोजना अधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 के अन्त तक जनपद गाजीपुर के कुल 7009 घरों पर सोलर रूफटॉप की स्थापना लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान में जनपद में कुल 3479 सोलर रूफटॉप स्थापना कार्य पूर्ण होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिसके उपरान्त वर्तमान में बैंकों में कुल 1088 लम्बित लोन पत्रावलियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को बताया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित बैंक शाखाओं में लम्बित पत्रावलियों के सम्बन्ध में रोष व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित जिला अग्रणी प्रबन्धक एवं समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को विशेष अभियान चलाकर एवं सम्बन्धित बैंक शाखाओं में सम्पर्क कर 01 माह से अधिक दिनों की लम्बित पत्रावलियों को 03 दिवस में तथा 01 माह के अन्दर की लम्बित लोन पत्रावलियों को 07 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर उनका डिस्बर्सल सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये तथा यह भी निर्देशित किया गया कि अनावश्यक किसी भी पत्रावलियों का रिजेक्शन बैंक शाखाओं द्वारा न किया जाये तथा लोन निर्गमन में बैंक शाखाओं द्वारा अनावश्यक विलम्ब अथवा हीला-हवाली करने वाले शाखा प्रबन्धकों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित बैंक मुख्यालय को पत्र प्रेषित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिशासी अभियन्तागणों को विद्युत विभगा के अन्तर्गत इंस्पैक्शन कार्य को पोर्टल पर 03 दिवसों के अन्दर समाप्त करने तथा मीटर की स्थापना, कान्फीग्रेशन कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही विद्युत बिल संशोधन के कार्यों हेतु समस्त डिविजनों पर मेगा कैम्प आयोजित कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।जिलाधिकारी द्वारा समस्त वेण्डरों को निर्देशित किया गया कि जनपद की प्रमुख सार्वजनिक जगहों यथा- तहसील भवन, नगर पालिका कार्यालय, शिक्षा विभाग के कार्यालयों एवं विद्युत वितरण खण्ड/उपखण्डों पर कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनान्तर्गत सोलर रूफटॉप की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार भी किये जायें। बैठक में आलोक प्रसाद मुख्य विकास अधिकारी, सच्चिदानन्द तिवारी, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, राजदेव कुमार, जिला अग्रणी प्रबन्धक (बैंक), समस्त जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी, समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड /मीटर परीक्षण खण्ड-गाजीपुर, पीयूष कुमार, जी०एम०आर० स्मार्ट मीटर के प्रतिनिधि, समस्त जिला समन्वयक राष्ट्रीयकृत बैंक, गाजीपुर, एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिंगरौली जिले में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही, 13.3 बल्क लीटर मदिरा जब्त

सिंगरौली, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कुमार कश्यप के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज वृत्त वैढ़न अंतर्गत प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी दल द्वारा ग्राम खुटार एवं ग्राम गहिलरा में दबिश देकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम खुटार में आरोपी राजकुमारी शर्मा, पति राजकुमार शर्मा तथा ग्राम गहिलरा में आरोपी लालचंद शाह, पिता श्यामलाल शाह एवं रामविशाले शाह, पिता गोपाल शाह के रिहायशी मकान एवं दुकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कुल 10 पाव देसी मदिरा प्लेन एवं 23 केन बीयर बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधन 2000) की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 13.3 बल्क लीटर मदिरा जब्त की गई।

## पहली बारिश में ही डूबा पचौर-देवरा ओवरब्रिज, ठेकेदार की लापरवाही से ठहरा आवागमन


सिंगरौली, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। जिले के बरगवां तहसील अंतर्गत ग्राम पचौर-देवरा के समीप स्थित रेलवे ओवरब्रिज पहली ही बारिश में लोगों के लिए मुसीबत बन गया। सोमवार को हुई हल्की बारिश के बाद पुल के नीचे भारी जलभराव हो गया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। दोपहिया और चारपहिया वाहन पुल के नीचे से गुजर ही नहीं सके और राहगीरों को घंटों परेशान होना पड़ा।

स्थानीय ग्रामीणों ने इस मामले में टीएचडीसी (ळऌऊ) कम्पनी के ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ओवरब्रिज निर्माण के दौरान पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई। न तो नाली बनाई गई और न ही पानी बहाव के लिए ढलान छोड़ा गया, जिसके कारण हल्की बारिश में ही पूरा मार्ग तालाब में बदल गया।

जलभराव इतना अधिक था कि राहगीरों को पानी के बीच से जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ा। कई दोपहिया वाहन पानी में फंस गए, जबकि चारपहिया वाहन चालकों को वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लगातार बारिश हुई तो यह मार्ग पूरी तरह बंद हो जाएगा। ओवरब्रिज के नीचे रास्ता बंद होने के कारण लोग सीधे रेलवे ट्रैक पार कर आवागमन करने को मजबूर हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ठेकेदार और टीएचडीसी कम्पनी अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई है, जिसका खामियाजा अब आम जनता भुगत रही है।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और कम्पनी प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप कर स्थायी जल निकासी व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। मानसून सक्रिय होने पर हालात और गंभीर हो सकते हैं और पुल के नीचे कई फीट पानी भरने की संभावना है।

## गैस सिलेंडर ब्लास्ट से बाजार में आग, छह गुमटियां जलकर राख



सिंगरौली, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। जिले के जियावन थाना क्षेत्र के बाजार इलाके में गुरुवार सुबह एक चाय-नाश्ते की दुकान में रखा गैस सिलेंडर अचानक फट गया। विस्फोट के बाद दुकान में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते आसपास की अन्य गुमटियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना में छह गुमटियां जलकर राख हो गईं। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन व्यापारियों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग तेजी से फैल गई, जिससे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया तथा दुकानों में रखा सामान सुरक्षित निकालने की कोशिश की। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक कई गुमटियां और उनमें रखा सामान पूरी तरह जल चुका था। दमकल कर्मियों ने आग को आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने से रोक लिया।

जियावन एसडीओपी गायत्री मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण गैस सिलेंडर विस्फोट सामने आया है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

# पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

### कालाबाजारी, जमाखोरी एवं डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण के दिए निर्देश

बीजपुर,सोनभद्र , 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता, कालाबाजारी, जमाखोरी एवं डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से पेट्रोलियम कंपनियों के विक्रय प्रबंधकों तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के विक्रय प्रबंधकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के सभी पेट्रोल एवं डीजल रिटेल आउटलेट्स पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन तथा सीएनजी की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने थोक उपभोक्ताओं की नियमित निगरानी एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि खुदरा बिक्री प्रभावित न हो तथा पैनिक बाइंग और असामान्य जमाखोरी जैसी स्थितियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी पेट्रोल पंप पर बोतल, डिब्बे अथवा अन्य खुले एवं असुरक्षित बर्तनों में पेट्रोल-डीजल की बिक्री न की जाए। अधिक बिक्री वाले पंपों की विशेष निगरानी कर कालाबाजारी एवं डायवर्जन की संभावनाओं की पहचान करने के भी



निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 200 लीटर से अधिक पेट्रोल अथवा डीजल खरीदने वाले सभी ग्राहकों का विवरण संबंधित पेट्रोल पंपों पर रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। रजिस्टर में ग्राहक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, वाहन संख्या अथवा उपयोग का उद्देश्य अंकित किया जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर सत्यापन किया जा सके। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पेट्रोल पंपों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच की जाए तथा यदि किसी पेट्रोल पंप पर निर्धारित मानकों के अनुरूप अभिलेखों का संधारण नहीं पाया जाता है या कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा डायवर्जन से संबंधित कोई अनियमितता प्रकाश में आती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### सिंगरौली जिले के जिलाध्यक्ष पद पर फिर चुने गए त्रिलोकी सिंह

सिंगरौली, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई द्वारा जारी की गई 23 जिलाध्यक्षों की पहली सूची में सिंगरौली जिले



से एक बार फिर त्रिलोकी सिंह को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व द्वारा दोबारा भरोसा जताए जाने पर कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। उनके पुनर्नियुक्त होने की जानकारी सामने आते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। जारी सूची के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह बिसेन ने राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति से विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसमें सिंगरौली जिले की कमान पुनः त्रिलोकी सिंह को सौंपी गई है। पार्टी कार्यकताओं ने इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बताया है। त्रलोकी सिंह के पुनर्नियुक्त होने पर जिले भर के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कई कार्यकताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की जाएगी।इस अवसर पर त्रिलोकी सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।पार्टी की नई नियुक्तियों को लेकर जिले में राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है।

### युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

गाजीपुर, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। सादात थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहला फुसलाकर भगाने के आरोपी युवक बिट्टू उर्फ राजा पुत्र ओमप्रकाश निवासी सवास थाना सादात को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ गत जनवरी माह में मामला दर्ज किया गया था और पुलिस आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। उपनिरीक्षक हरिहर प्रसाद मिश्रा ने अपनी टीम के साथ बिट्टू उर्फ राजा को सवास गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी पन्नेलाल यादव के अनुसार, अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के सुपुर्द किया गया।

### डा. स्वतंत्र सिंह बने रोटरैक्ट क्लब के अध्यक्ष

गाजीपुर, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। शहर के प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन रोटरैक्ट क्लब के आगामी सत्र 2026-2027 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन 3 जून 2026 दिन बुधवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। शास्त्रीनगर स्थित मां कवलपति हॉस्पिटल में क्लब अध्यक्ष शुभ वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित अति महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. स्वतंत्र सिंह को अध्यक्ष, सक्षम वर्मा को सचिव, राजा हुसैन को कोषाध्यक्ष और विशाल चौरसिया को उपाध्यक्ष चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी 1 जुलाई 2026 से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। रोटरैक्ट क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट रो. संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि 27 वर्षों से क्लब की परंपरा रही है कि अध्यक्ष और सचिव का चयन सभी सदस्यों के समर्थन से होता है। इसी कड़ी में इस बार गाजीपुर के ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ. स्वतंत्र सिंह का अध्यक्ष पद पर चयन हुआ है, जिससे सदस्यों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. स्वतंत्र सिंह ने कहा कि वर्तमान सत्र में अध्यक्ष शुभ वर्मा के निर्देशन में क्लब ने समाज सेवा के हर क्षेत्र में कार्य कर मानवीय संवेदनाओं का ख्याल रखा और जरूरतमंदों की मदद की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आगामी सत्र में भी जनसेवा के कार्यों को नई ऊंचाई दी जाएगी।इस अवसर पर डॉ. बीती सिंह, कामदेश्वर सिंह, गोपाल जी वर्मा, विवेक गुप्ता, आकाश दीप, चंद्रमोहन केशरी, संतोष कुमार केशरी, आदर्श सिंह, आकाश वर्मा, अमन वर्मा समेत क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी और सहयोग का आश्वासन दिया।

### अंशुमान हत्याकांड में कोर्ट ने कटरा गैंग के सरगना शंकर पांडेय के खिलाफ जारी किया गैर जमानती वारंट

गाजीपुर, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। अपर सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह के कोर्ट ने गुरुवार को अंशुमान हत्याकांड में कटरा गैंग के सरगना शंकर पांडेय के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए सदर कोतवाली प्रभारी को यह आदेश दिया कि 25 जून तक शंकर पांडेय को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया जाये। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी एडो. अखिलेश सिंह ने पूर्वांचल न्यूज डाट काम को बताया कि अंशुमान हयाकांड में आज तारीख थी इस मुकदमे में एक आरोपी कोर्ट में हाजिर था लेकिन शंकर पांडेय कोर्ट में हाजिर नही हुआ इस पर हमने कोर्ट को बताया कि शंकर पांडेय एक दुर्दांत अपराधी है जिसपर एक लाख रुपये का इनाम है। कोर्ट ने प्रस्तुत साक्ष्य और दलील के बाद शंकर पांडेय के खिलाफ गैर जामनती वारंट जारी करते हुए सदर कोतवाली प्रभारी को यह आदेश दिया कि 25 जून तक शंकर पांडेय को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत करें।

### जिलाधिकारी ने किया प्लेसमेंट इंवेट कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ



गाजीपुर, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला प्रशासन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर द्वारा राजकीय आई0टी0आई0, गाजीपुर, परिसर में प्लेसमेंट इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने युवाओं को रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने तथा अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे इवेंट युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करती है तथा रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है तथा जनपद के युवाओं को देश व विदेश में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित एकीकृत पोर्टल- के माध्यम से आसान और तेज ऑनलाइन पंजीकरण सुविधा प्रदान की गयी है। महोदय द्वारा बताया गया कि रोजगार, कॅरियर मार्गदर्शन एवं अन्य किसी भी जानकारी हेतु विभाग द्वारा निःशुल्क हेल्पलाइन नं- 155330 की सुविधा उपलब्ध है, जिससे युवाओं को घर बैठे आवश्यक सहायता प्राप्त हो सके। आज के प्लेसमेंट इवेंट कार्यक्रम में विजन इण्डिया, प्रा0लि0 द्वारा मारूति सुजुकी इण्डिया लि0, अहमदाबाद, गुजरात हेतु पद के लिए चयन किया गया। इवेंट में लगभग 1600 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से कुल 500 पदों पर अभ्यर्थियों की भर्ती की जा रही है।

### फूंके ट्रांसफार्मरों के बदलने में लापरवाही, सैकड़ों उपभोक्ता अंधेरे में

भांवरकोल/गाजीपुर, 04 जून **(देवव्रत संवाद)**। विद्युत विभाग द्वारा फूंके हुए ट्रांसफार्मरों को समय से न बदले जाने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई है। भीषण गर्मी के बीच कई गांवों में लोग बिजली संकट से जूझ रहे हैं, वहीं सिंचाई और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं।शेरपुर कला में रमेश यादव के डेरा के पास लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगभग एक माह से फूंका पड़ा है। ट्रांसफार्मर की एक फेज किसी तरह चालू होने के कारण कुछ घरों में केवल नाममात्र की बिजली मिल पा रही है। इसके अलावा शेरपुर कला में तेजू राय के डेरा के पास लगा 25 केवीए, राजकीय नलकूप संख्या-278 वाईजी के पास लगा 25 केवीए, कुंडेसर तथा लोचाइन स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के पास लगे 25-25 केवीए के ट्रांसफार्मर भी पिछले पांच-छह दिनों से फूंके पड़े हैं।इसी क्रम में अमरूपुर का 25 केवीए ट्रांसफार्मर भी जल गया है, जिससे वहां के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में 05 से 21 जून तक होगा भव्य कार्यक्रम

बलिया, 04 जून, (देवव्रत संवाद)। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून के मध्य समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के संचालन के सम्बंध में प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्न ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी कार्यक्रमों को प्रभावी, जनसहभागिता आधारित एवं पर्यावरण अनुकूल ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, तिथियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी तथा सभी सम्बंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिलाधिकारी ने केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों, संचालित



योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आयें सकारात्मक परिवर्तन को सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूलभाव के अनुरूप प्रदर्शित करने हेतु आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके दायित्व निर्धारित करते हुए सभी कार्यों एवं तैयारियों को समय से पूर्ण कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।प्रभारी मंत्री ने बताया कि अभियान की शुरूआत 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगी। इस दौरान जनपद में 06 लाख 16 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों एवं नहरों के किनारों पर पौधारोपण किया जाए तथा सिटी फॉरेस्ट विकसित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। स्थानीय एवं पारंपरिक प्रजातियों के साथ फलदार वृक्षों को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों तथा सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय कर्मियों के सहयोग से वृक्षारोपण कराया जाए। साथ ही सभी कार्यक्रमों को प्लास्टिक मुक्त रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया गया कि 08 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान, 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम, 14 से 16 जून तक जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला, 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी, तथा 18 से 19 जून तक प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के व्यापक आयोजन के साथ होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के अंतर्गत तालाबों के चारों ओर पौधारोपण की रिंग विकसित की जाए तथा गांवों की सड़कों और नदी किनारों पर अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। उन्होंने आमजन को अभियान से जोड़ने और प्लास्टिक उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए मेले एवं अन्य आयोजनों के लिए सुरक्षित स्थलों का चयन किया जाए। कार्यक्रमों में उद्योगपतियों, व्यापारियों तथा समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही मलिन बस्तियों में जन चौपाल आयोजित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। ग्राम चौपालों में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहे। प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों के प्रति जागरूक किया जाए।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित



बलिया, 04 जून, (देवव्रत संवाद)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के सचिव (पूर्णकालिक) चन्द्र प्रकाश तिवारी के आदेशानुसार श्रम विभाग के सहयोग से गांव सरवार काकरघटा में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में पैरालीगल वालंटियर्स प्रवीण कुमार चौबे एवं सत्येन्द्र पाठक ने बालकों के संरक्षण से संबंधित अधिकारों पर ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को हर प्रकार के शोषण से संरक्षण प्रदान करने के लिए भारतीय संविधान में विभिन्न कानूनी प्रावधान किए गए हैं। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ना माता-पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि बच्चों को उचित शिक्षा और मार्गदर्शन मिले तो वे भविष्य में परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने बाल श्रम के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से बच्चों को विद्यालय भेजने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्रम विभाग के कर्मचारी रौशन सिंह एवं जितेन्द्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में२ ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## वक्फ संपत्तियों के लंबित एवं रिजेक्ट प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देश जारी

मऊ, 04 जून (देवव्रत संवाद)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चन्द ने बताया कि सर्वे कमिश्नर वक्फ, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ द्वारा उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के अनेक प्रकरण विभिन्न तकनीकी त्रुटियों के कारण रिजेक्ट हो रहे हैं। प्रमुख रूप से वक्फ बोर्ड में पंजीकरण की तिथि, वक्फ के क्रिएशन की तिथि तथा वक्फनामा/धारा-37 से संबंधित राजस्व अभिलेखों के अपलोड न होने के कारण आवेदन अस्वीकृत किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि ऐसे प्रकरणों का परीक्षण कर संबंधित मुतवल्ली अथवा प्रशासक स्तर से आवश्यक संशोधन किया जाना अपेक्षित है।इस संबंध में जनपद के समस्त मुतवल्लियों द्वारा उम्मीद पोर्टल पर रिजेक्ट हुई वक्फ संपत्तियों का विवरण संबंधित मेकर (मुतवल्ली/प्रशासक) द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन कर जांच लें तथा आवेदन में पाई गई त्रुटियों को निर्धारित तिथि 05 जून 2026 तक प्रत्येक दशा में सही कराना सुनिश्चित करें।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि निर्धारित समयावधि के भीतर त्रुटियों का संशोधन न होने की स्थिति में संबंधित मेकर/मुतवल्ली स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## बांसडीह ब्लॉक में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, बच्चों को वितरित किए गए स्कूल बैग

बलिया, 04 जून, (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार पौत्स्यायन के नेतृत्व में विकास खंड बांसडीह में महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता एवं महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी बांसडीह मनोज कुमार शर्मा ने की। इस दौरान ब्लॉक मिशन मैनेजर प्रमोद पटेल, चंद्र प्रकाश मिश्रा, मंजीत कुमार वर्मा, महिला कल्याण विभाग की डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर अंजली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट निकिता सिंह, बैंक सखियां, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लगभग 25 से 30 अध्ययनरत बच्चों को विद्यालयी बैग वितरित किए गए। खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने बच्चों को बैग प्रदान करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने



विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि ₹बेटियां पढ़ेंगी तो समाज आगे बढ़ेगा₹, इसलिए सभी अभिभावक अपनी बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लें। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की ओर से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर अंजली सिंह ने खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं, बैंक सखियों, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों एवं बच्चों को महिला सुरक्षा, महिला अधिकार, विधिक सहायता तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

वक्ताओं ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक बनाते हुए उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। सभी प्रतिभागियों के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं समापन किया गया।

## कलयुग में कथा का आश्रय ही सच्चा सुख प्रदान करता है



कोपागंज, 04 जून (देवव्रत संवाद)। भगवान का दूसरा नाम ही सत्य है। सत्यनिष्ठ प्रेम के पुजारी भक्त भगवान के अति प्रिय होते है। कलयुग में कथा का आश्रय ही सच्चा सुख प्रदान करता है। कथा श्रवण करने से दुख और पाप मिट जाते है। सभी प्रकार के सुख एवं शांति की प्राप्ति होती है। भागवत कलयुग का अमृत है और सभी दुखों की एक ही औषधि भागवत कथा है। उक्त बाते उक्त बाते कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा लैरो दोनवार में सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार की शाम अतुल कृष्ण शांडिल्य जी महराज ने श्रोताओ को संबोधित करते हुए कहा। ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही।

भागवत अवरोध मिटाने वाली उत्तम अवसाद है। भागवत का आश्रय करने वाला कोई भी दुखी नहीं होता है। भगवान शिव ने सुखदेव बनकर सारे संसार को भागवत सुनाई है। श्रोताओं को कर्मो का सार बताते हुए कहा कि अच्छे और बुरे कर्मो का फल भुगतना ही पडता है। उन्होंने भीष्म पितामह का उदाहरण देते हुए कहा कि भीष्म पितामह 6 महीने तक वाणों की शैय्या पर लेटे थे। जब भीष्म पितामह वाणों की शैय्या पर लेटे थे तब वे सोच रहे थे कि मैंने कौन सा पाप किया है जो मुझे इतने कष्ट सहन करना पड रहे है। उसी वक्त भगवान कृष्ण भीष्म पितामह के पास आते है। तब भीष्म पितामह कृष्ण से पूछते है कि मैंने ऐसे कौन से पाप किये है कि वाणो की शैय्या पर लेटा हूं पर प्राण नहीं निकल रहे है। तब भगवान कृष्ण ने भीष्म पितामह से कहा कि आप अपने पुराने जन्मों को याद करो और सोचो कि आपने कौन सा पाप किया है। भीष्म पितामह बहुत ज्ञानी थे। उन्होंने कृष्ण से कहा कि मैंने अपने पिछले जन्म में रतीभर भी पाप नहीं किया है। इस पर कृष्ण ने उन्हें बताते हुए कहा कि पिछले जन्म में जब आप राजकुमार थे और घोडे पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। उसी दौरान आपने एक नाग को जमीन से उठाकर फेंक दिया तो कांटों पर लेट गया था पर 6 माह तक उसके प्राण नहीं निकले थे। उसी कर्म का फल है जो आप 6 महीने तक वाणों की शैय्या पर लेटे है। इसका मतलब है कि कर्म का फल सभी को भुगतना होता है। इसलिए कर्म करने से पहले कई बार सोचना चाहिए। इस अवसर पर सुदर्शन सिंह सुरेश सिंह पशुपतिनाथ सिंह रमेश सिंह उपेंद्र सिंह बलवंत सिंह मदनगोपाल सिंह ह्रदियनारायण सिंह विनोद सिंह सहीत सैकड़ो पुरुष ,महीलायें शामिल रहे।

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत जून माह में चलेगा विशेष अभियान, वंचित स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा लाभ

मऊ, 04 जून (देवव्रत संवाद)। परियोजना अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 1 जून 2026 से 30 जून 2026 तक एक माह का विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को योजना से जोड़कर उन्हें विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान को तीन स्तरों पर संचालित किया जाएगा। जनपदस्तर पर ₹स्वनिधि महोत्सव₹ का आयोजन होगा, जिसमें स्ट्रीट वेंडर्स एवं उनके परिवारों की सफलता की कहानियों और उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ-साथ योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। नगर निकाय स्तर पर ₹लोक कल्याण मेलों₹ का आयोजन किया जाएगा, जहां ऋण एवं क्रेडिट कार्ड सुविधा, डिजिटल सशक्तिकरण, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने, बैंकर्स और स्ट्रीट वेंडर्स की बैठकें आयोजित करने सहित आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं सेंसेस टाउन स्तर पर ₹स्वनिधि कैंप₹ लगाए जाएंगे, जिनमें स्ट्रीट वेंडर्स की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने और लाभान्वित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य पीएम स्वनिधि योजना की उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को सामने लाना, बैंकों, जनपद प्रशासन एवं मुख्य डिजिटल पार्टनर्स जैसे सभी हितधारकों के साथ समन्वय को मजबूत करना, डिजिटल कृषि समावेशन और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना तथा योजना की पहुंच का विस्तार करना है। इसके साथ ही ऐसे स्ट्रीट वेंडर्स तक पहुंच बनाना भी लक्ष्य है जो अभी तक इस योजना का लाभ नहीं ले सके हैं। विशेष अभियान के दौरान लंबित ऋण का वितरण, कल्याणकारी योजनाओं से स्ट्रीट वेंडर्स को जोड़ना, नए ऋण आवेदनों को प्रोत्साहित करना, स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत छूटे हुए वेंडर्स एवं उनके परिवारों की प्रोफाइलिंग तथा विभिन्न योजनाओं से लिंक करना भी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा द्वितीय ऋण पूरा कर चुके वेंडर्स के लिए क्रेडिट कार्ड आवेदन कराए जाएंगे तथा कार्ड प्राप्त लाभार्थियों को उसके उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के लिए संबंधित अधिशासी अधिकारियों तथा सेंसेस टाउन रतनपुरा, दोहरीघाट एवं मोहम्मदाबाद गोहना के लिए खण्ड विकास अधिकारी को इस विशेष अभियान का नोडल अधिकारी नामित किया है। परियोजना अधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि ऐसे सभी फुटपाथ विक्रेता, जो अभी तक पीएम स्वनिधि योजना के लाभ से वंचित हैं वे 1 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित विशेष अभियान के दौरान अपने संबंधित नगर निकाय अथवा चयनित सेंसेस टाउन में पहुंच कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## रोजगार मेले में 53 अभ्यर्थियों का चयन, युवाओं को मिला रोजगार का अवसर



मऊ, 04 जून (देवव्रत संवाद)। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई सहादतपुर, मऊ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तीन प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें हाईवे रूप प्रिसिजन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, सीएनसी इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा सुजलान प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान शामिल रहीं।

रोजगार मेले में जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 115 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न चरणों में आयोजित साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 53 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों ने रोजगार का अवसर प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं सेवायोजन विभाग का आभार जताया।


इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय ने कहा कि ऐसे रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप योग्य मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रोजगार मेले के सफल आयोजन में अपर सांख्यिकीय अधिकारी एम.आर. प्रजापति, प्रभारी रोजगार मेला राजकीय आईटीआई योगेन्द्र यादव, रहमान, श्याम सुंदर चौहान सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए रोजगार मेले का समापन किया गया।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

मऊ, 04 जून (देवव्रत संवाद)। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर उन्हें आमजन तक पहुंचाना सभी विभागों की जिम्मेदारी है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है तथा वर्ष 2029 तक प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा नेतृत्व प्राप्त हुआ है, जिनके मार्गदर्शन में विकास एवं सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं।बैठक में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तिथिवार समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि ह्लसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं सम्मानह्व की भावना के अनुरूप सभी कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर



पर प्रदेश के 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों तथा समस्त ग्राम पंचायतों में पांच करोड़ पौधों का वृक्षारोपण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। 11 जून से 14 जून के मध्य मीडिया संवाद एवं संबोधन कार्यक्रम आयोजित होंगे। 14 जून से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 16 एवं 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि 17 जून से 20 जून के मध्य केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। वहीं 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशालाएं आयोजित होंगी। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने सभी विभागों को शासनादेश के अनुरूप समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूर्ण करने तथा कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

बैठक में जिलाधिकारी आनंद वर्धन ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु विभागवार जिम्मेदारियां निर्धारित कर दी गई हैं। केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है तथा सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराए जाएंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मनोज राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रामाश्रय मौर्य सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुभासपा ने शिवेंद्र बहादुर सिंह को विधान सभा रसड़ा 358 के बनायी प्रभारी

रसड़ा ,बलिया, 04 जून (देवव्रत संवाद)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर एवं राष्ट्रीय प्रमुख



महासचिव डा. अरविंद राजभर द्वारा मिशन 2027 की तैयारियां शुरू करते हुए विधान सभा के प्रभारी एवं सहप्रभारी की जिम्मेदारी देने का सिलसिला शुरू कर दी है। सुभासपा ने रसड़ा विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं बाबा रामदल सूरजदेव ग्रुप आफ कालेजेज पकवाइनार-रसड़ा के प्रबंध निदेशक शिवेंद्र बहादुर सिंह को रसड़ा358 विधान सभा क्षेत्र का प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी। जिससे सुभासपा के कार्यकताओं में काफी हर्ष व्याप्त हो गया है। वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में सपा से गठबंधन में रसड़ा की सीट सुभासपा के खाते में आई थी और सुभासपा ने महेंद्र चौहान को अपना प्रत्याशी बनाया था जिन्होंने वर्तमान विधायक उमाशंकर सिंह को कड़ी टक्कर दी थी।शिवेंद्र बहादुर सिंह वर्षों के पार्टी की नीतियों को जन-जन पहुंचाने, संगठनात्मक कार्यशैली का लंबा अनुभव, जन संपर्क क्षमता, समर्पण भाव से पार्टी के लिए कार्य किए जाने पर शीर्ष नेतृत्व ने उनकी कर्त्तव्य निष्ठा का इनाम दिया है। कार्यकताओं ने शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय की सराहना की है।

## एक पार्टी में शामिल नहीं होने पर स्वास्थ्यकर्मी से मारपीट व धमकी देने का आरोप

घोसी (मऊ) , 04 जून (देवव्रत संवाद)। स्थानीय नगर के मझवारा मोड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी में कार्यरत एनसीडी स्वास्थ्यकर्मी डा हरिश्चंद्र जायसवाल से एक व्यक्ति पर मारपीट करने के साथ ही गाली देने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है।इस अवसर पर सीएचसी घोसी डा एचके पंकज के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का एक समूह घोसी कोतवाली में मौजूद रहा। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार गाजीपुर जिले के बड़ेसर थाने क्षेत्र के अलावलपुर अफगो गांव निवासी एवं वर्तमान में सीएचसी घोसी में चिकित्सक के पद पर कार्यरत डा हरिश्चंद जायसवाल ने आरोप लगाया कि 4 जून 2026 को वह अपने कमरे में बैठ कर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान कमरे में घोसी कोतवाली क्षेत्र के केरमा महरुपुर गांव निवासी रविशंकर यादव आया और जांच कराया।जांच के दौरान काकरोच जनता पार्टी / राजनीतिक दल से जुड़े होने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि घोसी कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के केरमा महरुपुर गांव निवासी रविशंकर यादव आया और जांच के दौरान एक पार्टी में शामिल होने का अनुरोध करने लगा।मना करने पर गाली देते हुए उनके साथ मारपीट करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित स्वास्थ्यकर्मी ने कोतवाली घोसी में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रविंद्रनाथ राय ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर सीएचसी अधीक्षक डा एचके पंकज, डा सूरज प्रसाद,डा अनिल कुमार ,डा जेएस चौधरी,सदानंद चौधरी,मुहम्मद साबिर आदि उपस्थित रहे।

## नवागन्तुक अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने संभाला कार्यभार

मऊ , 04 जून (देवव्रत संवाद)। नगर पालिका परिषद में नवागन्तुक अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने आज विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के अवसर पर पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने फूलमालाओं से उनका स्वागत करते हुये सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि नये अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी के आने से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। अपनी प्रत्याशा व्यक्त करते हुये कहा कि इनके प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता के द्वारा नगर के विकास, सफाई व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, सड़क निर्माण तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि नये अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में लम्बित विकास से सम्बन्धित योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जायेगा।कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागन्तुक अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराना है।इसके लिये जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने अपना संकल्प जाहिर करते हुय कहा कि नगर हित को सर्वोपरि रखते हुये पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जायेगा। उन्होंने नगर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।कार्यभार हस्तांतरण के दौरान पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी नये अधिशासी अधिकारी को शुभकामनायें दीं और नगर के सर्वांगीण विकास के लिये मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।इस अवसर पर सभासदगण, पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चे के जन्म पर नेग को लेकर विवाद

बलिया, 04 जून (देवव्रत संवाद)।बलिया के रेवती थाना क्षेत्र के दतहां गांव में नवजात शिशु के जन्म पर बधाई (नेग) मांगने पहुंचीं किन्नरों और परिवार के बीच रकम को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के दौरान मारपीट और धक्का-मुक्की भी हुई। घटना से नाराज किन्नरों ने बुधवार शाम रेवती थाने पहुंचकर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दतहां गांव निवासी संजीत साहनी के घर करीब तीन माह पहले पुत्र का जन्म हुआ था। इसी अवसर पर सहतवार क्षेत्र की किन्नर सुनीता, काजल, प्रिया और अनु नेग लेने उनके घर पहुंची थीं। पहली बार बातचीत के बाद वे बिना नेग लिए लौट गई थीं। बताया जाता है कि दोबारा घर पहुंचने पर बधाई की रकम को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। माहौल तनावपूर्ण होने पर मामला और गर्मा गया। किन्नर सुनीता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि विवाद के दौरान धक्का-मुक्की हुई, जिसमें उनके कान के टप्स और सोने की चेन गायब हो गई। घटना के विरोध में किन्नर समुदाय की सदस्याएं थाने पहुंचीं और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर रेवती क्षेत्र की किन्नर टीम की मुखिया मीरा किन्नर भी थाने पहुंचीं। इस दौरान रेवती और सहतवार क्षेत्र की किन्नर टीमों के बीच क्षेत्राधिकार और बधाई क्षेत्र को लेकर भी तीखी नोकझोंक हुई।थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## शिव पुराण कथा की तैयारियों का मंत्री-डीएम ने किया निरीक्षण

बलिया, 04 जून (देवव्रत संवाद)।अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले द्वारा बाबा बालखंडी नाथ मंदिर परिसर में आगामी 9 जून से आयोजित होने वाली शिव पुराण कथा की तैयारियों का प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने कथा स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी ली और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। कलश यात्रा के साथ ही कथा स्थल पर भूमि पूजन का आयोजन भी विधि-विधान से होगा।मंत्री ने कहा कि शिव पुराण कथा जैसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार होता है।उन्होंने आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकताओं से दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं अभी से सुनिश्चित करने को कहा।

## व्यापारियों का शोषण-उत्पीड़न नहीं होगा

बलिया, 04 जून (देवव्रत संवाद)।बलिया में जीएसटी विभाग द्वारा बैरिया के एक निजी मैरेज हॉल में गुरुवार को 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इसमें डिप्टी कमिश्नर बजरंगी यादव, अनिल यादव और एसटीओ सुनील पटेल ने व्यापारियों को जीएसटी से संबंधित जानकारी दी और उनकी समस्याओं को सुना। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें विभाग के माध्यम से व्यापारी उद्यमियों के दरवाजे तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि इन्हीं निदेशों के तहत 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' आयोजित किए जा रहे हैं।





### फर्जी पहचान पत्र बनाकर युवाओं को नौकरी देने का आरोप

# 9.63 लाख रुपये की ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** रेलवे में टीटी (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) की नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की कथित ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ कंधरापुर पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इससे पहले इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार, कंधरापुर थाना क्षेत्र के इसहाकपुर निवासी जनार्दन यादव ने 7 मई 2026 को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके पुत्र अमन को रेलवे में टीटी की नौकरी दिलाने का भरोसा देकर आरोपियों ने 9 लाख 63 हजार 500 रुपये प्राप्त कर लिए। आरोप है कि विश्वास दिलाने के लिए एक कथित फर्जी टीटी पहचान पत्र भी तैयार कर दिया गया था।



शिकायतकर्ता के अनुसार, नौकरी न मिलने पर जब धनराशि वापस मांगी गई तो आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए धमकी दी। तहरीर के आधार पर थाना कंधरापुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने 3 जून 2026 को वांछित आरोपी संदीप श्रीवास्तव (37) पुत्र विनोद श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से टिसौरा, थाना जमानिया, जनपद गाजीपुर का निवासी है तथा वर्तमान में वाराणसी के कमला नगर कॉलोनी, लालपुर– पांडेयपुर क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले की विवेचना जारी है तथा पुलिस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों की तलाश कर रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर किसी भी व्यक्ति को धनराशि देने से पूर्व उसकी सत्यता की पूरी जांच–पड़ताल अवश्य करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# 1 से 30 जून तक होगा पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला का आयोजन

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत जनपद में 1 जून से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से रेहड़ी–पटरी एवं फुटपाथ दुकानदारों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने, ऋण उपलब्ध कराने तथा केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। योजना के तहत स्वनिधि महोत्सव, लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि कैंप का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण सुविधा, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल लेनदेन संबंधी जानकारी तथा केंद्र सरकार की आठ प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा सेंसस टाउन स्तर पर विशेष स्वनिधि कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में नए स्ट्रीट वेंडर्स की पहचान कर उन्हें पीएम स्वनिधि योजना से जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय एवं परियोजना अधिकारी संजय चावला ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के स्ट्रीट वेंडर्स 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के दौरान अपने निकटतम नगर निकाय अथवा सेंसस टाउन में पहुंचकर योजना से संबंधित सुविधाओं और लाभों का लाभ उठा सकते हैं।

# लाखों रुपये के खाद्यान्न गबन के आरोप में दो कोटेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गरीबों को वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न की कथित कालाबाजारी के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कराई गई जांच में दो उचित दर विक्रेताओं के यहां गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जिला पूर्ति विभाग के अनुसार विकास खंड अहिरौला की ग्राम पंचायत भटौली स्थित उचित दर दुकान की जांच पूर्ति निरीक्षक द्वारा की गई। जांच में अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को वितरण के लिए आवंटित 20.94 क्विंटल गेहूं तथा 63.51 क्विंटल चावल अभिलेखों के अनुरूप नहीं पाए गए। आरोप है कि उक्त खाद्यान्न की कालाबाजारी की गई। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद संबंधित उचित दर विक्रेता रामप्रीत यादव के विरुद्ध थाना अहिरौला में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। इसी प्रकार विकास खंड एवं तहसील मेंहनगर के ग्राम पंचायत पलिया सोफिगंज स्थित उचित दर दुकान की जांच में भी गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच के दौरान 16.73 क्विंटल गेहूं, 57.38 क्विंटल चावल तथा 9 किलोग्राम चीनी का स्टॉक अभिलेखों से मेल नहीं खाया। विभाग का आरोप है कि खाद्यान्न एवं चीनी की कालाबाजारी कर सरकारी वितरण प्रणाली को नुकसान पहुंचाया गया।

जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद पूर्ति निरीक्षक मेंहनगर द्वारा संबंधित विक्रेता कल्पनाथ राजभर के विरुद्ध थाना मेंहनगर में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने तथा पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिए अभियान जारी रहेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि राशन वितरण में गड़बड़ी अथवा कालाबाजारी पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. विवेक कुमार सिंह का आईआईआईटी ऊना में असिस्टेंट फिजिकल एजुकेशन ऑफिसर पद पर हुआ चयन

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** जनपद के धनछुला गांव निवासी डॉ. विवेक कुमार सिंह का चयन भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), ऊना (हिमाचल प्रदेश) में असिस्टेंट फिजिकल एजुकेशन ऑफिसर पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र एवं जनपद में हर्ष का माहौल है और विभिन्न वर्गों के लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।



डॉ. विवेक कुमार सिंह, रुद्र प्रताप सिंह के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश में स्थित पैतृक गांव धनछुला से प्राप्त की। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद राजस्थान विश्वविद्यालय से एम.फिल. एवं पीएचडी की डिग्री हासिल कर शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान स्थापित की। शारीरिक शिक्षा एवं खेल प्रबंधन के क्षेत्र में विशेष रुचि रखने वाले डॉ. विवेक ने उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इसके बाद वर्ष 2010 में केंद्रीय विद्यालय संगठन से जुड़कर विभिन्न शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने अनेक राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षक एवं प्रबंधक के रूप में कार्य किया। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता हासिल की तथा अपने संस्थानों का नाम रोशन किया। खेलों के प्रति समर्पण, प्रभावी नेतृत्व क्षमता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों के आधार पर उनका चयन भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना में असिस्टेंट फिजिकल एजुकेशन ऑफिसर पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि को न केवल परिवार बल्कि पूरे जनपद के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। क्षेत्र के शिक्षाविदों, खेल प्रशिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉ. विवेक कुमार सिंह की सफलता ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि कठिन परिश्रम, लगन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर स्थानीय निवासी परशुराम सिंह ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पांच जिलों में 18 अभियुक्तों की फर्जी जमानत कराने वाले गिरोह का खुलासा, एक गिरफ्तार

## हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर मामलों में कूटरचित दस्तावेजों से कराई गई थीं जमानतें

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर जैसे गंभीर मामलों में निरुद्ध अभियुक्तों की कथित फर्जी जमानत कराने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न मोहरें, आधार कार्ड और अन्य कूटरचित दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 30 मई 2026 को कचहरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश कश्यप ने थाना कोतवाली नगर में लिखित सूचना दी थी कि कुछ तथाकथित जमानतदार अनुचित आर्थिक लाभ के उद्देश्य से गंभीर आपराधिक मामलों में बंद अभियुक्तों की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमानत करा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में एक ही जमानतदार द्वारा कई अभियुक्तों की जमानत एक जैसे अभिलेखों के आधार पर कराए जाने की जानकारी सामने आई थी। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जीयनपुर पुलिस ने मामले से जुड़े वांछित आरोपी दयाराम पुत्र जानकी प्रसाद निवासी रामपुर कला, थाना कोतवाली टांडा, जनपद अंबेडकरनगर को 3 जून 2026 की रात करीब 10.35 बजे जमसर स्थित रॉयल स्टार ढाबा के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी ने कथित रूप से कूटरचित दस्तावेजों और फर्जी अभिलेखों का उपयोग कर अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बस्ती, गोंडा और गोरखपुर जनपदों में कुल 18 अभियुक्तों की जमानत कराई थी। पुलिस के अनुसार इनमें हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर मामलों के आरोपी भी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से आठ विभिन्न मोहरें, एक इंक पैड, खतौनी की चार प्रतियां, आठ आधार कार्ड, एक आधार कार्ड की छायाप्रति तथा अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संभावित आरोपियों और गिरोह से जुड़े व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है। विवेचना के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अमित कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल प्रदीप गुप्ता तथा रिजर्व कांस्टेबल आलोक कुमार प्रजापति शामिल रहे।

# मंडल में 130.81 करोड़ की कार्ययोजना को शासन से मिली मंजूरी, जनमद में बनेंगे 3 नए उपकेंद्र

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** मंडल की चारों सर्किल में बिजनेस प्लान 2026–27 के तहत 130.81 करोड़ की कार्ययोजना को शासन ने मंजूरी दी है। इससे तीन नए बिजली घर की स्थापना होगी, 23 बिजली घरों की क्षमता वृद्धि, 20 नई लाइनों का निर्माण सहित 2046 कार्य कराए जाएंगे। आजमगढ़ मंडल की चारों सर्किल में विभिन्न भार के 14 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। समय के साथ उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के लिए निगम भी विभिन्न योजनाओं में सुधार के कार्य करा रहा है। मुख्य अभियंता इंजी. रामबाबू ने बताया कि नए बिजनेस प्लान में सभी वितरण खंडों से 130.81 करोड़ की कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजा गया था। इसकी मंजूरी भी मिल चुकी है। आजमगढ़ में तीन नये बिजली घर बनाए जाएंगे। इसके अलावा आजमगढ़ में 14, मऊ में तीन और बलिया में छह बिजली घरों की क्षमतावृद्धि होगी। चारों सर्किल में 33 केवी की 20 नई लाइनें खींची जाएंगी। प्रोटेक्शन के कार्य में जरूरत के हिसाब से जर्जर तार, केबल, वीसीबी, एलए, अर्थिंग, सीआरपी, टेलनेस यूनिट, एलटी एबीसी, आरएमयू आदि बदलने और लगाने का कार्य कराया जाएगा।



# मुहम्मदपुर में किसानों को निःशुल्क धान एवं ढैंचा बीज का हुआ वितरण

**मुहम्मदपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** विकास खंड मुहम्मदपुर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार, गम्भीरपुर पर गुरुवार को किसानों को निःशुल्क धान एवं ढैंचा बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार विश्वकर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार विश्वकर्मा ने किसानों को धान एवं ढैंचा के बीज वितरित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की उन्नति एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। इसी क्रम में किसानों को निःशुल्क बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे खेती की लागत कम होने के साथ उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

सहायक विकास अधिकारी (कृषि) रवि यादव ने बताया कि कृषि विभाग, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की यूपी एग्रीज परियोजना के अंतर्गत विकास खंड के 30 चयनित राजस्व ग्रामों में किसानों को निःशुल्क ढैंचा एवं धान के बीज वितरित किए गए हैं। उन्होंने उपस्थित किसानों को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके लाभों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों तथा हरित खाद के रूप में ढैंचा फसल के महत्व की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संतोष कुमार, पंचायत सचिव प्रताप नारायण सिंह, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) रवि कुमार, बीज भंडार प्रभारी मुखराम राम सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# फ्रांस की यूनिवर्सिटी ऑफ पोइटियर्स में पोस्ट–डॉक्टरेट हेतु चयनित डॉ. रत्नेश कुमार यादव का हुआ सम्मान

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल में गुरुवार को एक सम्मान समारोह आयोजित कर फ्रांस की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ पोइटियर्स में पोस्ट–डॉक्टरेट पद के लिए चयनित डॉ. रत्नेश कुमार यादव का सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

जनपद के सफुद्दीनपुर निवासी डॉ. रत्नेश कुमार यादव की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे आजमगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। डॉ. रत्नेश कुमार यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने ए.के.टी.यू. से बी.टेक., एन.आई.टी. सिलचर से एम.टेक. तथा आई.आई.टी. रोपड़ से एडवांस कम्बशन इंजन विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल की। वर्तमान में वे राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, देवगांव (आजमगढ़) में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। समारोह में उनके पिता अभय कुमार यादव, दादा राम राज यादव (पूर्व एडीओ, रानी की सराय), रमाकांत यादव, लव यादव, पीयूष कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार पाण्डेय, उपेन्द्र दुबे, संतोष कुमार यादव, रवि प्रकाश, राज कुमार गौतम, अतुल कुमार यादव, विमल यादव, पंकज यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर राम राज यादव ने कहा कि डॉ. रत्नेश कुमार यादव की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सफलता क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।



विद्यालय प्रबंधन एवं उपस्थित लोगों ने डॉ. रत्नेश कुमार यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अब हर शनिवार सजेगी 'मस्ती की पाठशाला' खेल–गीत के जरिए होगी पढ़ाई

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र से हर शनिवार 'मस्ती की पाठशाला' सजेगी। विभाग की ओर से जारी वार्षिक शैक्षिक कैलेंडर में बच्चों की पढ़ाई को रोचक, आनंददायक और तनावमुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। जिले के 2606 परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत करीब ढाई लाख छात्र–छात्राओं को अब खेल, कहानी, चित्रकला, संगीत, समूह चर्चा और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा। नए कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक शनिवार को विद्यालयों में मनोरंजक एवं शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जबकि हर महीने के अंतिम शनिवार को बाल मनोविज्ञान आधारित विशेष कार्यक्रम संचालित होंगे। विभाग ने 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष अतिरिक्त कक्षाओं की भी व्यवस्था की है। इन कक्षाओं में बच्चों की बुनियादी शैक्षिक अवधारणाओं को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे अन्य विद्यार्थियों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकें। इसके अलावा विद्यालयों में प्रत्येक सप्ताह 'रीडिंग डे' मनाया जाएगा। इस दौरान बच्चों को पुस्तकालय में समय देकर विभिन्न प्रकार की पुस्तकों के अध्ययन के लिए प्रेरित किया जाएगा। विभाग का मानना है कि इससे विद्यार्थियों की भाषा दक्षता, कल्पनाशक्ति और मानसिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। बीएसए राजीव कुमार पाठक ने बताया कि नए शैक्षिक कैलेंडर का उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना है। सभी विद्यालयों को नए सत्र से इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को मिला सम्मान

**आजमगढ़, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** सर्वोदय पब्लिक स्कूल, घोरठ में 99 यूपी बटालियन एनसीसी, आजमगढ़ के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी–313) के नौवें दिन बुधवार को विभिन्न प्रशिक्षण एवं सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेटों को ड्रोन तकनीक की जानकारी दी गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कैंप कमांडेंट ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण कैडेटों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान प्राप्त अनुभव और रेजिमेंटल जीवन के मूल्य कैडेटों को उच्च चरित्र, अनुशासन, सौहार्द और धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण से समृद्ध करते हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट न केवल जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर हैं, बल्कि राष्ट्र सेवा के लिए स्वयं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से तैयार कर देश के विकास और सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता भी विकसित करते हैं। ऐसे मूल्यनिष्ठ युवा विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। क्लोजिंग एड्रेस के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कैंप कमांडेंट ने विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल जे.बी. सिंह की अध्यक्षता में 7 एयर स्क्वायड्रन, वाराणसी से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने कैडेटों को ड्रोन की संरचना, तकनीकी विशेषताओं एवं उसके संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से ड्रोन तकनीक के विभिन्न आयामों और उसके उपयोग पर प्रकाश डाला गया।



कार्यक्रम में सहयुक्त एनसीसी अधिकारी मदन मोहन पाण्डेय, कैप्टन इंद्रजीत, लेफ्टिनेंट डॉ. पंकज सिंह, सेकेंड ऑफिसर डी.के. मिश्रा, सूबेदार मेजर विनोद कुमार, पीआई स्टाफ, सिविल स्टाफ तथा सभी प्रतिभागी कैडेट उपस्थित रहे।

# आंधी-पानी से चरमराई बिजली व्यवस्था, दर्जन भर गांवों में आपूर्ति बाधित

**फूलपुर, 04 जून (देवव्रत संवाद)।** बुधवार को आए तेज आंधी–पानी और चक्रवाती तूफान ने फूलपुर तहसील क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं और बारिश के चलते कई स्थानों पर बिजली के पोल एवं तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीण इलाकों में जनजीवन प्रभावित होने के साथ लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भेड़िया, बिहटा, मुंडवर, हेमईपुर, पूरा नाजिर, भड़रिया, अंजान शहीद, डारीडीहा सहित आसपास के अनेक गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। चक्रवाती तूफान के कारण दो दर्जन से अधिक विद्युत पोल गिर गए तथा कई स्थानों पर बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए।



तूफान का असर केवल विद्युत व्यवस्था तक सीमित नहीं रहा। कई घरों की टीन और पतरे उड़ गए, पेड़ धराशायी हो गए तथा पानी की टंकियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

ग्रामीण संतोष मिश्रा, अभिमन्यु यादव, अकलैन अहमद, रोशन पाण्डेय, अच्छेलाल प्रजापति, रत्नाकर मिश्र, नदीम अहमद एवं रवीन्द्र यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग तथा दैनिक जीवन से जुड़े अनेक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र मरम्मत कार्य कर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। फूलपुर विद्युत उपखंड के एसडीओ भूप सिंह ने बताया कि चक्रवाती तूफान के कारण दो दर्जन से अधिक विद्युत पोल गिर गए हैं तथा पांच ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इससे विभाग को भी काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि जिले से नए पोल एवं क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों के स्थान पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध होते ही मरम्मत कार्य तेज कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। विभागीय टीमें क्षति का आकलन करने और विद्युत व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं।